● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 135, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 22 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



ऐसी रणनीति बनाए जिससे बीजेपी को फायदा न पहुंचे : उद्धव ठाकरे 5

ऋषभपंत ने इंग्लैंड में रचा इतिहास 6

## योग का अर्थ है जोड़ना और मैं से हम की यात्रा ही योग का आधार है : पीएम

### भारत के मूलदर्शन और योगशैली से दुनिया को परिचय कराने का दिन है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : डॉ.यादव

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के अटल पथ पर राज्य स्तरीय योग संगम सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन का इस अवसर पर सजीव प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए अटल पथ पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और जनसामान्य ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में योग किया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके, सांसद श्री वी.डी. शर्मा तथा श्री




आलोक शर्मा उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम् में योगांध्र कार्यक्रम में कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना। योग ने बीते एक दशक में दुनिया को जोड़ा है। भारत ने जब संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा तो 175 देश भारत के प्रस्ताव के साथ खड़े थे। वर्तमान दौर में ऐसा अभूतपूर्व समर्थन सामान्य नहीं है। यह सिर्फ समर्थन नहीं, बल्कि यह दुनिया की भलाई के लिए एक प्रयास था। आज दुनियाभर में करोड़ों लोगों के लिए योग जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। योग सभी के लिए है और सभी का है। उम्र और अन्य सभी सीमाएं तोड़ते हुए यह उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करता है। योग का समाज में सोशल प्रमोशन कैसे हो सकता है, इसे योगांध्र अभियान की सफलता से समझा जा सकता है। इस वर्ष एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम है। योग हमारे लिए वसुधैव कुटुंबकम के मार्ग पर चलते हुए दुनिया को एक मंच पर लाने का माध्यम है। यह मैं से ऊपर उठकर हम की यात्रा है, समर्पण, सेवा और सहअस्तित्व का भाव है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि दुनिया के कई क्षेत्रों में अशांति का दौर है, लेकिन योग से हमें शांति मिलती है। विश्व समुदाय से अनुरोध है कि योग को ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बनाएं। आज योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने के लिए प्रयास जारी हैं। योग को आगे बढ़ाने में डिजिटल टेक्नोलॉजी ने भी अहम भूमिका निभाई है। आज हील इन इंडिया का मंत्र दुनिया में प्रसिद्ध हो रहा है और इसमें भी योग की बड़ी भूमिका है। देशभर में आयुष्मान योग मंदिरों में प्रशिक्षित योग टीचर तैनात किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास दुनिया को योग का फायदा देने का है। बढ़ता मोटापा दुनिया के लिए बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने योग दिवस पर देशवासियों और दुनिया के लोगों से मोटापा घटाने के लिए संकल्प लेने का आव्हान करते हुए कहा कि कम तेल वाला भोजन करने के साथ योग को स्वस्थ्य जीवनशैली का माध्यम बनाना जरूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारे लिए विश्व एक परिवार है, और विश्व योग दिवस का अवसर दुनिया को भारत के मूलदर्शन और योगशैली से परिचय कराने का दिन है। योगाभ्यास करने से मन शांत होता है, शांति से संतोष आता है और जब मन में संतोष हो तो मनुष्य अहिंसा की तरफ बढ़ता है। योग, शारीरिक बल और मानसिक शांति व प्रफुल्लता बढ़ाता है।

## राजनाथ सिंह ने उधमपुर में किया जवानों संग योग

**जम्मू ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने यहां सेना के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर में उनके प्रयासों की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमा पार से भारत के खिलाफ केवल पहलगाम में सिर्फ एक आतंकी घटना को ही अंजाम नहीं दिया गया बल्कि भारत की सामाजिक और साम्प्रदायिक एकता को भी निशाना बनाया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि हमने न केवल उनके मंसूबो को विफल किया बल्कि ऐसी जवाबी कार्रवाई की बल्कि पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और तब जाकर कहीं आपरेशन सिंदूर को हमने अल्पविराम दिया है। जैसा कि हमने पहले कहा है कि आपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि




आपरेशन सिंदूर सिर्फ पहलगाम में हुए आतंकी हमले की प्रतिक्रिया मात्र नहीं थी। हमने इस आपरेशन के माध्यम से पाकिस्तान को यह बताया है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां चलाने का अंजाम बद से बदतर होने वाला है। आपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक का नेचुरल प्रोग्रेसन का है। आगे कहा कि आपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमने पाकिस्तान को बता दिया है कि आतंकवाद से भारत को हजारों घाव देने का उनका अभियान अब सफल नहीं होने वाला है। भारत की धरती पर होने वाला कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान को बहुत मंहगा पड़ने वाला है। आतंकवाद के खिलाफ भारत हर तरह की कार्रवाई करने को पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान भारत को भीतर से कमजोर करना चाहता है। मगर पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत की एकता और अखंडता के लिए अगर मेजर सोमनाथ शर्मा ने अपने प्राणों की आहुति दी है तो ब्रिगेडियर उस्मान जैसे महावीरों ने भी इस देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है।

## ओडिशा में बाढ़ से 50 हजार लोग प्रभावित

### उफान पर सुवर्णरिखा नदी, 17 से ज्यादा गांवों में भरा पानी

**बालासोर।** पूर्वोत्तर के बाद अब ओडिशा में बाढ़ ने आफत मचाई है। बालासोर जिले में सुवर्णरिखा नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण 50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। हालात यह हैं कि राज्य के 17 से ज्यादा गांवों में पानी भर गया है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए कमर कस ली है।

पड़ोसी राज्य झारखंड में भारी बारिश के बाद चांडिल बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण बालासोर जिले के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई। अफसरों ने



बताया कि भोगराई, बलियापाल, बस्ता और जलेश्वर अधिसूचित क्षेत्र परिषद (एनएसी) के तीन ब्लॉकों के 17 ग्राम पंचायत क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। निचले और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को सतर्क रहने और स्थिति बिगड़ने पर निकटवर्ती आश्रय स्थलों में जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है।

जिला आपातकालीन कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि राजघाट पर सुवर्णरिखा नदी का जलस्तर घट रहा है। यह अभी भी खतरे के निशान 10.36 मीटर के मुकाबले 11.9 मीटर पर बना हुआ है। अफसरों ने कहा कि हमें उम्मीद है कि जलस्तर में और कमी आएगी। क्योंकि झारखंड में नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में अधिक वर्षा नहीं हुई है।

## एअर इंडिया के तीन वरिष्ठ अफसरों पर गिरी गाज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने विमानन सुरक्षा को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीजीसीए ने एअर इंडिया को डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट समेत अपने तीन अधिकारियों को चालक दल की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 जून को अपने आदेश में एअर इंडिया को इन अधिकारियों के खिलाफ अविलंब अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के आदेश के अनुसार तीन अधिकारियों में एयरलाइन का एक डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट भी शामिल है।

## वैश्विक संकल्प बने योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ : पीएम

**विशाखापत्तनम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आंध्रप्रदेश में बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन लाख लोगों के साथ योग किया। पीएम मोदी ने कहा कि योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ को वैश्विक संकल्प बनाने की जरूरत है। आइए हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं। योग दिवस समारोह में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने भी भाग लिया।



पीएम मोदी ने कहा कि योग सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या शारीरिक क्षमता से परे सभी के लिए है। यह एक ऐसा उपहार है जो मानवता को स्वास्थ्य, सद्भाव और चेतना में जोड़ता है। मुझे खुशी है कि हम विशाखापत्तनम में एकत्रित हुए हैं, एक ऐसा शहर जो प्रकृति और प्रगति का खूबसूरती से मिश्रण करता है। मैं चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण को अपने प्रेरक नेतृत्व में इस तरह के शानदार कार्यक्रम की मेजबानी के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। आंध्र प्रदेश ने योग को बढ़ावा देने के लिए यह सार्थक पहल की है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं। एक ऐसा आंदोलन, जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए। जहां हर व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाए। जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो। जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बने। जहां योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ एक वैश्विक संकल्प बन जाए। पीएम मोदी ने कहा कि योग लोगों को विश्व के साथ एकता की यात्रा पर ले जाता है।

## राज्यपाल के नेतृत्व में राजभवन में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन में सामूहिक योगाभ्यास का नेतृत्व किया। राज्यपाल श्री पटेल के साथ करीब 150 प्रतिभागी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम राजभवन के सांदीपनि सभागार मे हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशाखापटनम कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी किया गया।

## एअर इंडिया हादसे के बाद डीजीसीए सतर्क

### त्रिपुरा एयरपोर्ट के आसपास बर्ड-फ्री जोन बनाने की सिफारिश

**अगरतला।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमान सुरक्षा को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। हादसे में 274 लोगों की जान गई थी, जिसके बाद देशभर के एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में त्रिपुरा के महाराजा बीर बिक्रम एयरपोर्ट पर एयरफील्ड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें हवाई सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता पश्चिम त्रिपुरा के जिलाधिकारी विशाल कुमार ने की और इसमें एयरपोर्ट निदेशक के.सी. मीणा सहित कई अहम अधिकारी मौजूद थे। मीणा ने बताया कि हवाई सुरक्षा को बनाए रखने और पर्यावरण के कई जोखिमों को कम करने के लिए हवाई अड्डे के चारों ओर 10 किलोमीटर की परिधि में 'बर्ड-फ्री जोन' बनाने की सिफारिश की गई है।

### नीतीश कुमार सरकार का बड़ा एलान

## वृद्ध, दिव्यांग के साथ विधवा महिलाओं का पेंशन बढ़कर 1100 किया गया

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहारवासियों के लिए बड़ा एलान किया है। सीएम नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन



मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे एक करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी।

इस मामले को लेकर लगातार तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार को घेरते रहे हैं। विधानसभा बजट सत्र के दौरान भी तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमलोग चाहते हैं सरकार बजट में वृद्धा पेंशन, दिव्यांगों के लिए पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाए। पिछले 20 साल में सीएम नीतीश कुमार ने इस 400 रुपये की राशि नहीं बढ़ाई है। महंगाई इतनी बढ़ गई है लेकिन सरकार ने गरीब बुजुर्गों को मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी नहीं हुई। तेजस्वी यादव ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार को भारत सरकार का डाटा पढ़ना चाहिए। नेशनल फैमल हेल्थ सर्वे के अनुसार, देश में सबसे अधिक 65 फीसदी माताएं-बहनों को खून की कमी है।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा-

## उनको नारे लगाने में महारत, समस्या समाधान में नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। मेक इन इंडिया योजना को लेकर पीएम को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को नारे लगाने में महारत हासिल है। समस्याओं का समाधान करने में नहीं। एक्स पर पोस्ट में युवाओं के साथ बातचीत का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि मेक



इन इंडिया से फैक्ट्री बूम के वादों के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है और चीन से आयात दोगुना से अधिक क्यों हो गया है? मोदी जी ने नारों की कला में महारत हासिल की है, समाधानों में नहीं। 2014 से विनिर्माण हमारी अर्थव्यवस्था में 14% तक गिर गया है।

## डोंगला की प्रतिष्ठा के साथ आधुनिकीकरण पर दिया जाएगा विशेष ध्यान : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन जिले के काल गणना केंद्र डोंगला का देश में एक विशिष्ट स्थान है। डोंगला को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने के साथ ही यहां स्थापित वेधशाला के समय-समय पर आधुनिकीकरण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा । मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को डोंगला में खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा'' पर केन्द्रित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के साथ डोंगला भी काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। डोंगला के विकास और आधुनिकीकरण के लिए समय-समय पर कार्य किया जाएगा।

## ईरान से अब तक 517 भारतीयों की सुरक्षित वापसी

### एमईए ने कहा- आगे भी जारी रहेगा अभियान

**नई दिल्ली।** ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते संघर्ष के हालात के बीच भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी कि अब तक कुल 517 भारतीय नागरिक ईरान से सकुशल भारत लौट चुके हैं। इनमें छात्र, धार्मिक तीर्थयात्री और अन्य नागरिक शामिल हैं। यह राहत अभियान बुधवार को लॉन्च किया गया था और इसके तहत लगातार चार्टर्ड फ्लाइट्स के ज़रिए लोगों को सुरक्षित दिल्ली लाया जा रहा है।

एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि शुक्रवार रात 11:30 बजे एक विशेष उड़ान ईरान से 290 भारतीयों को लेकर दिल्ली पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में छात्र और धार्मिक यात्रियों के साथ-साथ महिलाएं भी शामिल थीं। विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण चटर्जी ने एयरपोर्ट पर यात्रियों का स्वागत किया। जायसवाल ने ईरानी सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में उन्होंने भरपूर सहयोग किया है।

शनिवार सुबह एक और फ्लाइट तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात से दिल्ली पहुंची।

## पाकिस्तान को कभी नहीं मिलेगा सिंधु नदी का पानी

### पड़ोसी देश को गृह मंत्री शाह की दो टूक

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अभी तक जल नीति के मोर्चे पर सख्ती बना रखी है। वहीं एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कर दिया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई सिंधु जल संधि अब कभी बहाल नहीं होगी। इससे पहले भी एक बार वो ये बात कह चुके हैं। वहीं, इस बार भी उन्होंने कहा कि यह फैसला पाकिस्तान की लगातार शांति और विकास की भावना के उल्लंघन के कारण लिया गया है।

शाह ने यह भी बताया कि सिंधु नदी का पानी अब पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत के राज्यों जैसे राजस्थान के खेतों में बहेगा। शाह ने एक इंटरव्यू में कहा कि हमने संधि को निलंबित किया है। इसे एकतरफा रद्द नहीं किया जा सकता, लेकिन हमें इसे रोकने का अधिकार था और हमने वही किया गृह मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार राजस्थान तक पानी पहुंचाने के लिए विशेष नहर परियोजना पर काम शुरू करेगी, ताकि भारत अपने हिस्से का हक का पानी पूरी तरह इस्तेमाल कर सके।



पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत सरकार ने इसे सीधा पाकिस्तान प्रायोजित आतंक बताया। अमित शाह ने कहा कि इस हमले का मकसद कश्मीर में अमन की बहाली को पटरी से उतारना था, लेकिन वहां की जनता ने पूरे राज्य में प्रदर्शन कर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई है। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान पर कई कार्रवाई भी की। इतना ही नहीं भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। इन सबके बावजूद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हर मोर्चे पर टक्कर दी।

1960 की सिंधु जल संधि विश्व की सबसे लंबे समय तक चलने वाली जल संधियों में से एक रही है, जिसके तहत भारत से निकलने वाली तीन नदियों सिंधु, झेलम और चेनाब का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को जाता रहा है। लेकिन अब भारत ने साफ कर दिया है कि यह व्यवस्था अब जारी नहीं रहेगी। पाकिस्तान भले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाए, लेकिन भारत के रुख में अब कोई नरमी नहीं आने वाली।

अमित शाह के इस बयान से यह भी साफ हो गया है कि आने वाले समय में भारत केवल सीमा पर नहीं, बल्कि पानी जैसे अहम संसाधनों को हथियार बनाकर भी पाकिस्तान को जवाब देगा। पाकिस्तान की खेती और उसकी अर्थव्यवस्था में जिस पानी की भूमिका आज तक अहम रही है, उसी पानी पर अब भारत का हक पूरी तरह बहाल होने जा रहा है।

# सांसद की अध्यक्षता में अनुसूचित, जनजाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक आयोजित



**सिंगरौली।** सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्र की अध्यक्षता एवं सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विधिवत चर्चा की गई एवं चर्चा उपरांत आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने निर्देशित किया कि थानों में जो भी प्रकरण लंबित हैं, उन्हें तैयार कर आवयश्क कार्यवाही के लिए भेजा जाए, ताकि प्रकरणों का निराकरण समय पर हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरण दर्ज करते समय ही जाति प्रमाण पत्र सहित बैंक का खाता भी शामिल किया जाए, ताकि राहत राशि समय सीमा में पीड़ित आश्रित को वितरित हो सके। यदि किसी हितग्राही का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है तो संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व से संपर्क कर जाति प्रमाण पत्र बनवाएं एवं उसका बैंक में खाता भी खुलवाया जाएं।

बैठक में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 1 जनवरी से 17 जून तक कुल 46 प्रकरण प्राप्त हुए हैं। जिसमें बलात्कार के 8, लज्जा भंग के 7 एवं अपमान अभीत्रास के 34 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से 46 प्रकरणों में 27.75 लाख की राशि का भुगतान किया जा चुका है। वही अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 1 जनवरी से 17 जून 2025 हत्या के 1, बलात्कार के 11, लज्जा भंग के 5 एवं अपमान अभीत्रास के 48 प्रकरण स्वीकृत किए गए जिसमें से 65 प्रकरणों में 62.75 लाख की राशि का भुगतान किया जा चुका है। बैठक के अंत में सांसद ने निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण कर संबंधितों को लाभान्वित करायें। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त जनजाति विभाग नीलकंठ मरकाम, सीएसपी पीएस परस्ते सहित समिति के सदस्य गण मौजूद रहे।

## सरई थाना क्षेत्र में नियमों को दरकिनार कर चल रहें कोल यार्ड

**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना क्षेत्र में शासन के नियमों को सरेआम दरकिनार कर कोल यार्ड संचालित किये जा रहें है। जिससे ट्रेन यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से नियम बिरुद्ध संचालित कोल यार्डो को बंद कराने की मांग की है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सरई थाना क्षेत्र में दो-दो कोल यार्ड संचालित किये जा रहें है। जो शासन के नियम कानूनों को दरकिनार कर संचालित किये जा रहा है । बताया जाता है कि कोल यार्ड संचालको को सरई थाना प्रभारी की खुली छूट मिली हुई है। बताया जाता है कि सरई और गजरा बहरा कोल यार्ड से पूरा रेलवे स्टेशन कोयले की धूल से सराबोर हो जाता है द्य सड़कों पर हाइवा बिना तिरपाल ढके सरपट दौड़ रहें है। हाइवा ओवरलोड चलते है जिससे पूरे सडक पर कोयला गिरा रहता है, जो पहिया में पिसकर आम लोगों और यात्रियों में आँखो और मुँह ने भरता रहता है द्य मसलन लोगों को सांस लेने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष की दौड़ में 29 दावेदार, सामने आई नामों की लिस्ट

**सिंगरौली**

राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान ने कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष की कुर्सी के ख्वाब दिख रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक कार्यकर्ता अभियान को लेकर उत्साहित हैं और अध्यक्ष की दौड़ में 29 दावेदार मैदान में उतर गए हैं। संभावना है कि जुलाई में सिंगरौली को कांग्रेस का नया शहर व जिला अध्यक्ष मिल सकता है।

म.प्र. सहित सिंगरौली में कांग्रेस नए शहर व जिला अध्यक्ष नियुक्त करने वाली है। शहर को लेकर एआइसीसी और पीसीसी पर्यवेक्षक पहले ही जिला और ब्लॉकों में रायशुमारी शुरू कर चुकी हैं। जिलाध्यक्ष के लिए बैठकों का कई दौर हो चुका है । अब तक शहर जिलाध्यक्ष बनने के लिए 17, जबकि ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए 12 लोगों ने दावेदारी की हैं। शहर जिलाध्यक्ष में सबसे अधिक दावेदार है। ग्रामीण में भी लगभग यही स्थिति है। इनके अलावा ऐसे भी कई दावेदार खड़े हो गए हैं, जिन्होंने कुछ दिन पहले तक पद को लेकर कोई तैयारी नहीं की थी। हालांकि पर्यवेक्षक खासी बारीकी से दावेदारी को प्लस-माइनस के तराजू में तोल रहे हैं।

### चर्चित दावेदारों के माइनस पाइंट पर नजर

शहर व जिले में तीन-चार नाम ऐसे हैं जिनकी दावेदारी खासी मजबूत मानी जा रही है। लेकिन उनके माइनस पाइंट भी पता किए जा रहे हैं। फीडबैक में पता लगाया जा रहा है कि दावेदार की सरकार या भाजपा से सांठगांठ तो नहीं है, भाजपा के बड़े नेता, विधायक सहित अन्य से व्यावसायिक संबंध तो नहीं है, रिश्तेदारी के कारण पार्टी के कार्य करने में बाधा तो नहीं आएंगी, पूर्व चुनाव में पार्टी को किसने नुकसान पहुंचाया सहित अन्य शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार जहां समर्थक दावेदारों के गुण बता रहे हैं, वही विरोधी उनकी कमियां भी उजागर कर रहे हैं। पर्यवेक्षक सभी की सुन अपनी रिपोर्ट 30 जून तक एआइसीसी को सौंपेंगे। इसमें 5-6 दावेदारों के नामों की पैनल हो सकती है।

### सिंगरौली जिले के शहर अध्यक्षों के नाम

संगीता सिंह ओयाम, प्रवीण सिंह चौहान, अखिलेश सिंह, अनिल कुमार वर्मा, लखनलाल साहू, रूपेश चंद्र पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार साकेत, सुदामा प्रसाद कुशवाहा, रामशिरोमणि शाहवाल, सुषमा वर्मा, अनिल सिंह, सूर्यकुमार द्विवेदी, मनोज शाह, अमित द्विवेदी, अरविंद सिंह चंदेल, शेखर ओमप्रकाश सिंह, भास्कर मिश्रा प्रमुख दावेदार हैं। वही ग्रामीण जिलाध्यक्ष के दावेदारों में नंदगोपाल कोल, मधु शर्मा, ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, अशोक सिंह पैगाम, रामअशोक शर्मा, कुंवर सोमदेव बहमजूदेव, देवेन्द्र पाठक दरोगा, बाल मुकुंद सिंह परिहार, रमाशंकर शुक्ला, राजकुमार दीपांकर, सविता सिंह, सीपी शुक्ला ने दावेदारी की हैं।

## विहिप के केंद्रीय मंत्री ने मॉ ज्वालामुखी मंदिर पर टेका माथा



**सिंगरौली।** स्थानीय शक्तिपीठ मॉ ज्वालामुखी मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री सुधांशु पटनायक में बीते दिन गुरुवार को शक्तिनगर प्रवास के दौरान दर्शन पूजन किया गया। तीर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजा पाठ कराया गया। मंदिर प्रांगण में केंद्रीय मंत्री सुधांशु को जिला पंचायत सदस्य पानपत्ति गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद शक्तिनगर प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, चिंतामणि जायसवाल बबलू, प्रधान शत्रुघ्न गुप्ता तीर्थ पुरोहित पंडित वेदांती मिश्रा, दुर्गा प्रसाद शास्त्री सुरेश शरद सहित अन्य मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन के ठेकेदार ने स्कूल जाने वाली सड़क में खोद दिया गहरा गड्ढा

## स्कूली बच्चों सहित मोहल्ले वासियों का आवागमन अवरुद्ध

**सिंगरौली।** देवसर जनपद के मजौना पंचायत स्थित पलथा टोला में जल जीवन मिशन के ठेकेदार ने स्कूल जाने वाली सड़क में गड्ढा खोद डाला है पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से सड़क में गड्ढा होने की वजह से कीचड़ और पानी भर गया है स्कूली बच्चों सहित मोहल्ले वासियों का आवागवन पूरी तरह से अवरुद्ध हो रहा है , ठेकेदार की मनमानी की वजह से एक ओर स्कूली बच्चों का पठन-पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं मोहल्ले वासी भी काफी कठिनाई में है इस गंभीर मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन को अवगत कराते हुए सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है लेकिन अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है जिस वजह से समस्या अभी भी बरकरार है उल्लेखनीय है कि मजौना पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है ठेकेदार ने सड़कों के किनारे गहरा गड्ढा खोदकर पाइप बिछाने का काम शुरू किया है वहीं पलथा टोला में बताया जाता है कि सड़कों में ही गड्ढा खोदकर पाइप बिछाने का काम किया जाना है बताया जाता है कि सड़क में ही गड्ढे खोद दिए गए और दो दिनों तक लगातार हो रही बारिश से पूरी सड़क कीचड़ और पानी से सराबोर है इधर ठेकेदार के कर्मचारी नदारत हो गए।

बताया जाता है कि उक्त मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदने के बाद सड़क ध्वस्त कर ठेकेदार के कर्मचारी गायब हो गए हैं और दो दिनों तक हो रही बारिश की वजह से पूरे सड़क में कीचड़ और पानी भर गया है आवागवन पूरी तरह से बाधित है जबकि उसी मोहल्ले में शासकीय विद्यालय भी है जहां तमाम बच्चे स्कूल जाते हैं , साथ ही मोहल्ले वासी भी उसी रोड से आवागमन करते हैं इन दोनों स्कूली बच्चों तथा मोहल्ले वासियों का आवागमन पूरी तरह से अवरुद्ध हो रहा है

पिछले दो दिनों से जिस तरह से जल जीवन मिशन के ठेकेदार ने पूरी सड़क ही ध्वस्त कर डाला है और स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या पर अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है ऐसी स्थिति में मोहल्ले वासियों में खासा आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार की मनमानी की वजह से बच्चों का पठन-पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं मोहल्ले वासियों का भी आवागमन अवरुद्ध हो रहा है और स्थानीय प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी ठेकेदार पर कोई कार्यवाही ना करते हुए ग्राम वासियों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है।

## अपर जिला सत्र न्यायालय परिसर में गड्ढों में जगह-जगह भरा पानी



**सिंगरौली।** देवसर अपर जिला सत्र न्यायालय के प्रांगण में बरसात का पानी भरा होने से न्यायाधीशों वह पक्षकारों अधिवक्ताओं का आना-जाना एक दूसरे न्यायालय में मुश्किल सा हो जाता है। जिले के मुखिया से अधिवक्ता संतराम सिंह ने ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि देवसर न्यायालय प्रांगण को व्यवस्थित कराया जाना जनहित में आवश्यक साथी अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारी ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है की देवसर न्यायालय के प्रांगण में खड़ंजा ईट लगवाया जाकर बरसात में आना जाना सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है।

# टूटी पुलिया के पिलर का शुरू हुआ मरम्मत कार्य, नगर परिषद सरई पर उठे सवाल

## क्या लाखों रुपए का होगा फर्जी वारा-न्यारा



**सिंगरौली।** सरई तहसील के सामने स्थित पुलिया के जर्जर पिलर की मरम्मत का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। लंबे समय से खस्ताहाल इस पुलिया को लेकर क्षेत्रीय जनता लगातार शिकायतें कर रही थी, लेकिन अब जब काम शुरू हुआ है, तो उसमें भी अनियमितता के आरोप लगने लगे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद सरई द्वारा शुरू किए गए इस मरम्मत कार्य में पारदर्शिता का अभाव है और आशंका जताई जा रही है कि इसमें लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किया जा सकता है। बिना किसी टेंडर की स्पष्ट जानकारी और तकनीकी जांच के काम शुरू कर दिए जाने से लोगों में असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि मरम्मत कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और उसकी गुणवत्ता संदेह के घेरे में है। यदि समय रहते जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निगरानी नहीं की गई, तो यह मरम्मत कुछ ही समय में फिर से ढह सकती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पूरे मामले में कितना संज्ञान लेता है और क्या वाकई इस बार पुलिया का निर्माण टिकाऊ और पारदर्शी तरीके से होगा या फिर एक और भ्रष्टाचार की कहानी सामने आएगी।

## दोनों ऑख से दिव्यांग ने मांगी आर्थिक सहायता राशि

**सिंगरौली।** देवसर जनपद क्षेत्र के ग्राम कु र्सा निवासी छोड़ी साकेत पिता छोटका साकेत ने कलेक्ट्रोरेट में आज जनसुनवाई के दौरान आवेदन देते हुये बताया कि दोनों ऑख से दिव्यांग हूँ। गरीबी रेखा में नाम भी है। लेकिन मेरी आर्थिक स्थिति काफी खराब है। शासन से सहायता राशि मिल जाये तो अपना भरण पोषण किसी तरह से कर सकता हूँ। ऑख से दिव्यांग ने कलेक्टर से सहायता राशि मुहैया कराये जाने की मांग की है।

## सांसद व विधायक ने 108 वाहन एम्बुलेंस के कार्यो का किया समीक्षा



**सिंगरौली।** जिले में संचालित निःशुल्क सेवा 108 एवं जननी एम्बुलेंस सेवा का सांसद के साथ-साथ द्वय विधायक के अलावा बीजेपी के जिलाध्यक्ष ने समीक्षा किया। जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रोरेट सभागार में आज दिन शुक्रवार को प्रदेश में संचालित 108 और जननी एम्बुलेंस सेवा की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम तथा जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल शाह व पूर्व सीडा उपाध्यक्ष नरेश शाह ने जिले में चल रही एम्बुलेस सेवा की समीक्षा की। साथ ही अच्छी सेवा की प्रशंशा भी की एवं सेवा के और सुधार के लिए अपने-अपने सुझाव भी संस्था के संभागीय अधिकारी आकाश तिवारी एवं जिला प्रभारी श्रवण कुमार गौतम व अविनाश तिवारी को दिया गया। साथ ही सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने संस्था के अमले को नम्बर सार्वजनिक करने के लिए कहा। जहां संस्था के अमले द्वारा तत्काल उक्त सुझाव को मानते हुये क्रियान्वित भी कर दिया। उक्त बैठक में व्हीके शाहवाल अखिलेश कुमार साहू भी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली ने ग्रीन एनवायरो फाउंडेशन अवाड्र्स में पर्यावरण उत्कृष्टता में स्वर्ण पदक जीता



**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली को ग्रीनएनवायरो फाउंडेशन अवाड्र्स 2025 में पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एनटीपीसी सिंगरौली की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और स्थायी ऊर्जा उत्पादन प्रथाओं में नेतृत्व को दर्शाता है। एनटीपीसी सिंगरौली को उत्सर्जन कम करने, जल उपयोग को अनुकूलित करने और नवाचारी कचरा प्रबंधन कार्यक्रमों में उसके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इस स्थल पर उन्नत प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिनमें फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन और उच्च दक्षता वाले इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रिसिपिटेटर्स शामिल हैं। जल पुनर्चक्रण और वर्षा जल संचयन प्रणाली सुनिश्चित करती है कि 100 प्रतिशत प्रक्रिया जल पुनः उपयोग किया जाए। जिससे ताजे पानी की खपत न्यूनतम हो। स्थानीय सीमेंट, ईंट और सड़क निर्माण कंपनियों के सहयोग से प्रभावी फ्लाई ऐश उपयोग कार्यक्रम लागू किए गए हैं, जो पर्यावरणीय प्रभाव को और कम करते हैं। राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक ने कहा ग्रीनएनवायरो फाउंडेशन का स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करना हमारे पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अटूट दायित्व का प्रमाण है। स्थिरता हमारे लिए केवल एक अनुपालन आवश्यकता नहीं है, यह समुदाय और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।

# एल 1 लेवल पर ही शिकायकर्ता की समस्या का समाधान कर शिकायतों को बंद करायें : शर्मा

## सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो की आयुक्त नगर निगम ने की समीक्षा



**सिंगरौली।** ननि आयुक्त डीके शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान निगमायुक्त ने शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित कर एल 1 लेवल पर ही बंद कराने की कार्यवाही करें। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि संबंधित जोन के उपयंत्री प्रतिदिन अपने जोन में नालियों के सफाई कार्य की मॉनिटरिंग करें। वही आगे कहा कि बारिश प्रारंभ हो गई है। नगरीय क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ -सफाई करायें, जहां पर जेसीबी मीशनों की आवश्यकता है, वहां पर मशीनों का उपयोग करें। बारिश के समय कही से भी जल भराव कि शिकायत नही आनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि नालियों से निकलने वाली गाद को भी तत्काल वहां से हटाकर कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव भी कराया जाये। उन्होंने पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुये कहा कि नगरीय क्षेत्र में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किया जाये। पेयजल संबंधी शिकायतों का उपयंत्री तत्परता के साथ निराकरण कराएं। ननि आयुक्त ने नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। निर्माण कार्यो में गुणवत्ता की अनदेखी होने पर संबंधित सहायक एवं उपयंत्री के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सहायक एवं उपयंत्री लगातार निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग करे। अपने क्षेत्रों के जर्जर भवनों को चिन्हित कर अगर सुधार कराने लायक है तो उनका सुधार कराये अन्यथा उनको ध्वस्त करने की कार्यवाही करे। नगरीय क्षेत्र की सड़को की जानकारी लेने के पश्चात निर्देशित किया कि जहां पर भी सड़के क्षतिग्रस्त है उनका तत्काल सुधार कराये, ताकि बारिश के समय आम लोगो के आवागमन में किसी भी प्रकार की बाधा न हो।

साथ ही कहा कि जहां पर सीवर लाईन निर्माण का कार्य चल रहे संबंधित संविदाकार से कार्य समाप्त होने उपरांत तत्काल क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत कराये। बैठक के दौरान ननि उपायुक्त आरपी बैस, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, अलोक टीरू, उपयंत्री अनुज सिंह, विशाल खत्री सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# योग सम्पूर्ण विश्व को भारत की ओर से एक उपहार है : रीती

## नियमित योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ उत्तम स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण है : सांसद



**सीधी।** जिला मुख्यालय में स्थित मानस भवन सहित जिले के विभिन्न स्थानों में ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थीम पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन मानस भवन सीधी में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष श्री देवकुमार सिंह चौहान द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता की गई। उनके साथ जनपद अध्यक्ष सीधी श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार, पार्षद श्री आनंद परियानी, श्री बाबूलाल कुशवाहा, गणमान्य नागरिक श्री कृष्णकांत द्विवेदी, श्री के के तिवारी, श्री देवेंद्र त्रिपाठी, श्री इंद्रशरण सिंह चौहान, श्री विश्वबंधुधर द्विवेदी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज सहित अन्य अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में युवाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा योग कराया गया तथा योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवन में योग अनिवार्यता के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित समारोह में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही मुख्यमंत्री निवास भोपाल में आयोजित ''राज्य स्तरीय योगाभ्यास'' कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उद्बोधन दिखाया एवं सुनाया गया।

सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. मिश्रा ने समस्त जिलावासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग शरीर की शक्ति और मन की शांति बढ़ाता है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए एक वरदान है। योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प करें। योग को अपनाएं, देश को स्वस्थ बनाएं। सांसद ने कहा कि योग के माध्यम से निरोग रहने के लिए हमारी शारीरिक दक्षता के साथ आहार का भी महत्व है। शरीर के स्वस्थ रहने के लिए अगर कोई रामबाण है तो वह है योग। अगर हम निरंतर योग करें तो शरीर निरोगी रहता है और बुद्धि प्रखर होती है। योग हमारी हजारों साल पुरानी विधा है। हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल के कारण सारी दुनिया योग का लाभ उठा रही है। योग दिवस के साथ-साथ हमें प्रतिदिन योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अनमोल देन है और आज वासुधैव कुटुंबकम के मूलमंत्र को साधते हुए हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे विश्व को योग माला में पिरोने का काम किया है। नियमित योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ उत्तम स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि योग सिर्फ एक योगाभ्यास ही नहीं है बल्कि एक जीवन पद्धति भी है। योग हमारी हजारों वर्ष पुरानी विधा होने के साथ कला और संस्कृति का प्रमुख संगम भी है। योग सम्पूर्ण विश्व को भारत की ओर से एक उपहार है, यह स्वस्थ जीवन तथा मन और शरीर के बीच के सही संतुलन की कुंजी है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ विचारों का निर्माण होता है इसलिए रोगमुक्त रहने के लिए योग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से संपूर्ण विश्व ने योग को अपनाया था। विधायक सीधी श्रीमती पाठक द्वारा जिलेवासियों से स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि योग शरीर को निरोग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग को अपनाकर अपने शरीर को स्वस्थ रखें।

विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि स्वस्थ जीवन, शांत मन और निरोगी शरीर के लिए योग को दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाएं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा योग को वैश्विक पटल पर एक नई पहचान मिली है।

योग के माध्यम से मन शांत होता है और शांति से जीवन में संतोष आता है। योग केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि पूरे विश्व को एक परिवार मानने की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

# योग भारत की अमूल्य निधि : डॉ गीता भारती



### शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देश के अनुपालन तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने बताया कि योग में संपूर्ण जीवन दर्शन का सार है, जिसे हमें अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। आज संपूर्ण विश्व भारत की योग संस्कृति को अपनाकर स्वस्थ एवं अरोग्य जीवन की कला सीख रहा। योग भारत की अमूल्य निधि है।

डॉ सुरेश कुमार तिवारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगष् पर प्राणायाम के विभिन्न क्रियायों का अभ्यास कराया गया। नियमित योगाभ्यास से हृदय रोग, मधुमेह, अवसाद एवं उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से निजात मिलती है। योग की सच्ची साधना व्यक्ति को स्वस्थ से सिद्धि, फिर साक्षात्कार की ओर ले जाती है। कार्यक्रम में प्रो. बी.एल. सिंह अयाम, डॉ गंगादेवी बैरागी, डॉ विपेंद्र कुमार द्विवेदी, संदीप कुमार कोल, मनीष सोनी, कल्लू, गया प्रसाद केवट एवं महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ संदीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

## स्थानांतरण नीति के प्रावधानों के उल्लंघन पर आदिम जाति कल्याण विभाग के तीन कर्मचारी निलंबित

**सीधी।** कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर स्थानांतरण नीति 2025 के निर्देशों का उल्लंघन करने पर आदिम जाति कल्याण विभाग के तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर उमाशंकर दुबे लेखपाल, शिवेंद्र सिंह सहायक ग्रेड 2 एवं विनोद पाठक सहायक ग्रेड 3 आदिम जाति कल्याण विभाग को विभाग प्रमुख को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए नियम एवं निर्देशों को संज्ञान में नहीं लाते हुए स्थानांतरण नास्तियां प्रस्तुत कर स्थानांतरण आदेश जारी किए जाने का दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जनप्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों द्वारा की गई शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ध्अपर कलेक्टर को जांच सौंपी गई थी। अपर कलेक्टर द्वारा स्थानांतरण हेतु प्रस्तुत नस्तियों तथा दस्तावेजों का अवलोकन कर विस्तृत जांच की गई जिसमें गंभीर अनियमितताएं पाई गईं हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## शासकीय महाविद्यालय मड़वास में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा सम्भाग रीवा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन में आज 21 जून 2025 को 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय मड़वास में योग का कार्यक्रम उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आई.पी.प्रजापति के द्वारा योग दिवस के अवसर पर विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम के माध्यम से छात्रों को नियमित रूप से योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामधारी जायसवाल ने योग के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री धीरज नामदेव और श्री प्रयागदास साकेत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. कमलेश जायसवाल, संगीता मिश्रा डॉ. ज्योति रजक,डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा, प्रो.प्रवीन कुमार प्रो.बाबा हरिनन्द डॉ. राजेश पटेल डॉ पंकज मिश्रा डॉ.संध्या वर्मा, श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के अतिथि विद्वान कर्मचारी एवं छात्र/ छात्राए उपस्थित थे।

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आजीविका मिशन से जुड़ी लखपति दीदियों ने किया योग



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीधी अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में विकासखंड सिहावल में स्व सहायता समूह एवं परिसंघों के द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग किया गया। योग से शांति और स्वास्थ्य का मूल मंत्र दिया कि तन मन को स्वस्थ बनाएं। विशेष बात यह रही कि आजीविका मिशन से जुड़कर लखपति बन समूह सदस्यों ने विशेष रूप से उत्साह के साथ प्रतिभाग किया इस अवसर पर सीएलएफ की सचिव प्रभा सिंह, मनीष कुशवाहा, पुनीता तिवारी, राहुल शुक्ला एबीएम एवं अखिलेश त्रिपाठी विकासखंड प्रबंधक का विशेष प्रयास रहा।

## अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने पंचायत के कार्यों का किया निरीक्षण



**सीधी।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा ने सीधी जिले के रामपुर नैकिन विकासखंड के ग्राम पिपरांव, भरतपुर, भैसरहा, कपुरी कोठार का भ्रमण कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री आवास, पेंशन योजना,जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ-साथ ई-केवाईसी, ई-कक्ष के कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थित सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं पीसीओ को सभी योजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

भ्रमण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत रामपुर नैकिन राजीव तिवारी, डीसी आवास ब्रह्मानंद पाण्डेय, बीसी आवास मनोज कुमार निगम, सचिव पिपरांव विनय कुमार त्रिपाठी, मो. हामिद ग्राम रोजगार सहायक सरपंच सरिता कुशवाहा ग्राम पंचायत भरतपुर की सरपंच श्रीमती वसुधा सिंह, सचिव राजेश यादव, ग्राम रोजगार सहायक सतीष पाण्डेय पीसीओ कंतू कोल भी उपस्थित रहे।

## वन स्टॉप सेंटर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित



सीधी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रवेश मिश्रा की उपस्थिति में तथा प्रशासक मंजुला तिग्गा के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर सीधी में सामूहिक योग दिवस ''योग समावेश'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास पर्यवेक्षक ज्योति कोबरागडे, निर्मला गुप्ता, प्रवीणा पटेल, विद्या सिंह, केस वर्कर अरुणिमा पाठक, पुष्पलता शर्मा, मंजुला मिश्रा, केयर टेकर इंदू तिवारी, अंजू पांडेय, दुर्गावती सोनी, सुरक्षा गार्ड दिनकर तिवारी एवं भारी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में 21 जून 2025 को 11वा ष्अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसष् के अवसर पर समस्त शैक्षणिक,अशैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसकी थीम ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थी। कार्यक्रम में योग की विभिन्न मुद्राओं को सभी को कराया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि योग हमारे जीवन के लिए नितांत आवश्यक है, जिससे निरोगी रहकर बेहतर जीवन व्यतीत किया जा सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए।

तत्पश्चात उक्त कार्यक्रम के प्रभारी डॉ रविंद्र सिंह क्रीड़ा अधिकारी द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं को समझाते हुए सभी को योग कराया गया। साथ ही देश के प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन छात्र-छात्राओं को लाइव दिखाया एवं सुनाया गया। उक्त कार्यक्रम में सभी लोगों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया, जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. के.एस. नेताम, डॉ. विनोद प्रजापति सहित समस्त प्राध्यापक, अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

# जिला न्यायालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित





**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के कुशल मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा जिला न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में योग के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों के प्रति जागरूकता फैलाना था। योग दिवस कार्यक्रम की शुरूआत प्रात: 07:00 बजे जिला न्यायालय परिसर पर हुई जहां न्यायाधीशगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण के द्वारा योग किया गया। योग प्रशिक्षक श्री आशुतोष गुप्ता अधिवक्ता (बी.एस.टी. अध्यक्ष), श्री प्रमोद मिश्रा अधिवक्ता (किसान सेवा समिति जिला अध्यक्ष), श्री बी.के. शुक्ला अधिवक्ता (बी.एस.टी. कोषाध्यक्ष) के द्वारा प्रतिभागियों को सामूहिक योग अभ्यास कराया गया, जिसमें प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शवासन आदि योग क्रियाएं सम्मिलित थी।

योग सत्र के पश्चात प्रतिभागियों को योग और विधिक जागरूकता से जुड़ी उपयोगी जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री दिनकर ने कहा कि ''योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा का समन्वय है। यह व्यक्ति को तनावमुक्त, अनुशासित और सक्रिय बनाता है। विधिक सेवा प्राधिकरण समाज में स्वस्थ और जागरूक नागरिक निर्माण हेतु कृत संकल्पित है। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर, विशेष न्यायाधीश श्री यतीन्द्र कुमार गुरू, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री दीपक शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री मनीष श्रीवास्तव, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार सोनी, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री रवीन्द्र कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुनीता रावत, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सरिता चौधरी, शासकीय अभिभाषक श्री सुखेन्द्र द्विवेदी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, जिला न्यायालय के अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला न्यायालय सीधी में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। जिला न्यायालय सीधी के साथ-साथ तहसील चुरहट, मझौली एवं रामपुर नैकिन में भी योग उत्सव का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के पैरालीगल वॉलेंटियर सुश्री प्रतिमा पाण्डेय ग्राम बंजारी, श्री मनीष श्रीवास्तव ग्राम मड़वास, श्री रामनिवास सोनी, श्रीमती रानू मिश्रा रामपुर नैकिन के द्वारा भी अपने-अपने ग्राम एवं तहसील स्तर पर योग दिवस के साथ विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए रखी गई, जिसका उद्देश्य विश्वभर में योग के स्वास्थ्यवर्धक लाभों को जन-जन तक पहुँचाना है। इस अवसर पर युवाओं, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किए गए।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 09/2025–26 सीधी, दिनांक 18.06.25

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र – 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है :–

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राषि (रु लाख में) | 1.. अमानत राशि 2.. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_431622 | लोक निर्माण विभाग संभाग सीधी अंतर्गत मार्गों के मरम्मत (पाट होल्स) कार्य हेतु जोनल टेण्डर। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 50.00 | 1. 50000 2. 5000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 एक वर्ष वर्षाकाल सहित |
| | | योग :– | 50.00 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 23.06.2024 सुबह 10.00 से 08.07.2024 शाम 6.00 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा–अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(एम.के. परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी (म.प्र.)

जी–14623/25

## संपादकीय

### सिर्फ 259 घंटे की साफ हवा, बाकी वक्त सांसों में घुलता जहर

यह लापरवाही नहीं तो और क्या है कि देश के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल दिल्ली ने राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के तहत मिली राशि का एक तिहाई से भी कम खर्च किया है। ऐसे में यहां स्वच्छ वायु की उम्मीद कैसे की जा सकती है। अगर यहां के बाशिंदों को साफ हवा नहीं मिलती है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? प्रदूषण और तापमान का जनजीवन पर संयुक्त प्रभाव वास्तव में चिंता का विषय है। एक नए अध्ययन में कहा गया है कि गर्मी और प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक हवा के अवसरों को सीमित कर देता है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी की इस अध्ययन रपट को हमें गंभीरता लेना होगा। इसमें कहा गया है कि दिल्ली में हर वर्ष लगभग 2,210 घंटे ऐसे होते हैं, जब तापमान 18 से 31 डिग्री के बीच रहता है। इस दौरान 1,951 घंटे ऐसे होते हैं, जब वायु गुणवत्ता खराब होती है। यानी 259 घंटे ही लोगों को साफ हवा मिल पाती है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण का नागरिकों की सेहत पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। एक तरफ उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना है, तो दूसरी ओर असहज तापमान के जोखिम से भी बचना है। कुछ शहरों की स्थिति दिल्ली से बेहतर जरूर हो सकती है, लेकिन भविष्य में वहां भी यही समस्या गहराने वाली है। लिहाजा, इन परिस्थितियों में जीने की आदत डालने के बजाय इस चुनौती का सामना करने के लिए कुछ नए उपाय करने होंगे। ऐसे सुझाव भी दिए जा रहे हैं कि घर इस तरह से बनाए जाएं, जहां ऊर्जा की बचत के साथ हवा का बेहतर प्रवाह हो। सेहत और सुकून के लिए अब जरूरी है कि शहरों और महानगरों में मौसम के अनुकूल नए भवन बनें और पुराने घरों में पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली की व्यवस्था हो। इससे स्वच्छ हवा अधिक मिल सकेगी। इस दिशा में गंभीरता सोचने का वक्त आ गया है।

**दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है।**

# सदियों पुराना है भारत में योग का इतिहास

(योगेश कुमार गोयल )

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है।

दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं।

महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वैतानुभूति योग



कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके। यह भारत के बेहद गर्व भरी उपलब्धि रही कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के महज तीन माह के भीतर 177 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी, जिसके उपरांत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा कर दी गई कि प्रतिवर्ष 21 जून का दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। बहरहाल, योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ-साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है।(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय

**प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि, एक ओर हम अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध जल्दी से लगा देते हैं, वहीं दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। यह दोहरी नीति बंद होनी चाहिए। समझा जाता है कि पीएम मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था, जिसे अमेरिका-चीन दोनों का सहयोग व समर्थन हासिल है। यह भारत के लिए चिंता की बात है, क्योंकि वह भारत में आतंकवाद व अन्य खुराफातों को बढ़ावा देता है। भारत को टुकड़े करने के स्वप्न देखता है।**


# जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा में भारत की नसीहत के वैश्विक मायने

(कमलेश पांडे )

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना लाग लपेट के दो टूक शब्दों में कहा कि, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।

जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ग्लोबल साउथ के हिमायती भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद, व्यापार और विकास जैसे अहम वैश्विक मुद्दों पर दुनिया के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत के दौरान जो नसीहत दी, उसके वैश्विक मायने खास हैं और उन्हें समझने-समझाने की भी जरूरत है, ताकि भारत के मतदाताओं में अपने अंतरराष्ट्रीय हितों के प्रति भी जागरूकता पनपे और बढ़े।

बता दें कि कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को दोहराया और इस वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि आतंक समर्थक देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी उनका इशारा अमेरिका, कनाडा, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूरोपीय संघ के उन देशों की तरफ था जो अमेरिकी अगुवाई में लोकतंत्र की बात तो करते हैं, लेकिन आतंकवादी समर्थक देशों को भी वित्तीय मदद देते व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दिलवाते हैं।




यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना लाग लपेट के दो टूक शब्दों में कहा कि, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने यहां तक कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कार्रवाई में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की पक्षपाती भूमिका पर भी सवाल खड़े दिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि, एक ओर हम अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध जल्दी से लगा देते हैं, वहीं दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। यह दोहरी नीति बंद होनी चाहिए। समझा जाता है कि पीएम मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था, जिसे अमेरिका-चीन दोनों का सहयोग व समर्थन हासिल है। यह भारत के लिए चिंता की बात है, क्योंकि वह भारत में आतंकवाद व अन्य खुराफातों को बढ़ावा देता है। भारत को टुकड़े करने के स्वप्न देखता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराया और पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की निंदा करने के लिए नेताओं का आभार जताया। उन्होंने आतंकवाद को बढ़ावा देने और समर्थन देने वालों के खिलाफ सख्त वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही पीएम मोदी ने जी-7 मंच से ग्लोबल साउथ के मुद्दे भी उठाए।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। प्रधानमंत्री ने जी-7 नेताओं के साथ अपनी बातचीत को उत्पादक बताया और कहा कि चर्चा वैश्विक चुनौतियों और बेहतर भविष्य की आशाओं पर केंद्रित रही।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान 'ग्लोबल साउथ' की चिंताओं और प्राथमिकताओं पर ध्यान दिए जाने का भी आह्वान किया।

## वर्ग पहेली 5769



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 26 जुलाई 1965 को यह द्वीप समूह स्वतंत्र हुआ इस पर ब्रिटेन का कब्जा था, इसकी राजधनी माले है (4)
4. भारत के पूर्व में अंतिम छोर पर किबितु गांव अरूणाचल प्रदेश के इस जिले में स्थित है, मंगल ग्रह का एक नाम (3)
7. गले के नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
8. वे प्राणी जो आकाश मे विचरित होते हों (4)
9. खोपड़ी, खपरा, शिरोस्थि (3)
11. आस्तीन को अंग्रेजी में यह कहते है, पाणिपेट (2)
13. छल, कपट से धन हरने वाला (2)
14. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
15. एक गहना जो नाक में पहना जाता है, लटकने की क्रिया या भाव (4)
18. ऐंठन, शारीरिक शक्ति (2)
19. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
20. ब्रांच, पल्ल्वाधार, टहनी (2)
21. अवरिमन, शीघ्रता (4)
24. आदर सहित (3)
25. पंजाब की ऐतिहासिक प्रणय जोड़ी (4)

**ऊपर से नीचे**

1. बाग बगीचे की देखभाल करने (2)
2. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
3. नसीरूदीन शाह की अभिनेत्री सास (5)
4. लालच, जुगुप्सा (2)
5. झिझकना, सकपकाना, ठिठकना (4)
6. आयाम, दिशा, अभिमुखता (3)
10. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते हों, तल्लीनता (3)
12. जिसका बदन फूल जैसा कोमल हो (5)
14. बैकग्राउंड, जानिब, तरफ (2)
16. किसी काम के लिए निश्चित समय से आगे का समय नियत करना (3)
17. ज्वर, संचित आवेश (3)
20. प्रसन्न, हर्षित, खुश (2)
22. क्षीरज (2)
23. पुरूष, मर्द (2)
24. हिस्सेदारी, भागीदारी (2)

### वर्ग पहेली 5768 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | स | | रो |
| मी | न | | म | क | र | ध्व | ज |
| न | का | र | ना | | प | स्त | |
| स | | सि | | ना | र | | मा |
| या | च | क | | म | स्त | मौ | ला |
| नी | ल | | ना | ज | | ल | |
| | ता | ना | | द | | वी | र |
| ता | ऊ | | ज्ञा | गी | र | | क्षा |

# पहले खुद को खोज लो

(ओशो)

मनुष्य प्रश्न नहीं, बल्कि एक निरंतर खोज है। एक प्रश्न तो बुद्धि द्वारा हल किया जा सकता है, लेकिन एक खोज का समाधान अस्तित्वगत रूप से ही किया जाना है। ऐसा नहीं है कि हम कुछ प्रश्नों के उत्तर खोज रहे हैं, यह कुछ ऐसा है कि हम अपने अस्तित्व के लिए कुछ उत्तर खोज रहे हैं। सदियों से मनुष्य अपनी ही खोज कर रहा है। वह जानता है कि वह है, लेकिन वह यह भी जानता है कि उसे नहीं मालूम, वह कौन है? इसलिए जन्म लेने के साथ ही उसके आंतरिक गहनतम केंद्र में एक महान प्रश्न उठना शुरू हो जाता है। हम इस उठने वाले प्रश्न या खोज को दबा सकते हैं, उस खोज की दिशा बदल सकते हैं, लेकिन उसे मार नहीं सकते। उसको मार देने या समाप्त कर देने का कोई उपाय ही नहीं है, क्योंकि वह मनुष्य की सहज स्वाभाविक प्रवृत्ति में अंतर्निहित है। यह जानने की खोज उसकी चेतना में अंतर्निहित है कि वह आखिर है क्या?

यह खोज ही मनुष्य का प्रामाणिक स्वभाव है, और जब तक यह दृढ़ निश्चय न बन जाए, मनुष्य खोज करता रहता है। वास्तव में, इस संबंध में गलत दिशा में जाने के नौ सौ निन्यानबे रास्ते हैं और वहां जाने का केवल एक मार्ग ही ठीक मार्ग है, इसलिए यह खोज खतरों से भरी हुई है। यह साधारण खोज न होकर बहुत जटिल खोज है और मनुष्य बहुत कठिनाई से वहां पहुंच पाता है। लेकिन जब तक तुम पहुंचोगे नहीं, तुम पीड़ा और उपद्रव में पड़े रहोगे। तुम प्रचंड अव्यवस्था के मध्य रोते-चीखते रहोगे। तुम यह नहीं जान पाओगे कि प्रसन्नता क्या होती है? तुम स्वयं को न जान लो, तो फिर तुम कैसे प्रसन्न हो सकते हो? और तुम कैसे जान पाओगे कि कैसे होते हैं वे आशीर्वाद? बिना स्वयं को जाने परमात्मा के आशीर्वाद बरसते ही नहीं। तुम 'संतोष' और 'परमानंद' जैसे शब्द सुनोगे, लेकिन वे केवल शब्द ही बने रहेंगे। उनके पास ऐसा कुछ न होगा, जो तुम्हें तृप्ति दे सके। यह संतुष्टि और तृप्ति तो तुम्हारे अनुभव ही तुम्हें देंगे। वे तो खाली शब्द बने रहेंगे। वे तुम्हारे चारों ओर एक शोर उत्पन्न करेंगे, लेकिन उनका कुछ भी अर्थ नहीं होगा। खोज, मनुष्य का सहज स्वभाव है। लेकिन समस्या यह खड़ी हो जाती है कि गलत दिशा में जाने के लिए वहां अनेक रास्ते हैं, फिर ठीक मार्ग कैसे खोजा जाए? कार्लाइल ने कहा है, 'मनुष्य का दुर्भाग्य उसकी महानता के स्रोत में ही होता है। इसके लिए वहां उसमें कुछ चीज असीम होती है और वह पूरी तरह अपने आप को सीमित के हाथों में बेचने को सफल नहीं हो सकता।' मनुष्य के अंदर कुछ चीजें ऐसी हैं, जो कहीं उच्चतर और महान है, खोज उसी की है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन आर्थिक दृष्टि से शुभ रहेगा। आपकी मेहनत का फल धन लाभ के रूप में प्राप्त होगा। यदि आप व्यवसाय में हैं तो कोई बड़ा क्लाइंट डील हाथ लग सकती है। शेयर बाजार या सट्टा जैसे क्षेत्रों में निवेश से दूर रहें, जल्दबाजी से हानि संभव है।

### वृष
आज आर्थिक स्थिति में स्थिरता आएगी। कोई अधूरी डील पूरी हो सकती है जिससे अच्छा धन लाभ होगा। हालांकि अनावश्यक खर्चे बढ़ेंगे, खासकर घर की साज-सज्जा या विलासिता से जुड़ी वस्तुओं पर। किसी महिला या परिवार के बुजुर्ग की मदद से कोई आर्थिक राहत मिल सकती है।

### मिथुन
आज आय के नए स्रोत खुल सकते हैं, विशेष रूप से डिजिटल या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से कमाने वालों के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। अनपेक्षित खर्चे मानसिक तनाव का कारण बन सकते हैं।

### कर्क
आज भाग?य साथ दे रहा है और आपके लिए धन आगमन के योग शुभ योग बने हैं। विशेष रूप से संपत्ति, रियल एस्टेट या पारिवारिक व्यवसाय से। यदि किसी कोर्ट केस में धन संबंधी निर्णय लंबित था, तो राहत मिल सकती है।

### सिंह
आज धन लाभ की संभावना बन रही है, खासकर अगर आपने किसी लॉन्ग टर्म फंड में निवेश किया है। व्यापारिक मामलों में साझेदार के साथ विवाद हो सकता है, जिससे आर्थिक असंतुलन बन सकता है। कोई महंगी वस्तु खरीदने की योजना बन सकती है।

### कन्या
आज दिन निवेश और आर्थिक योजनाओं के लिए अनुकूल है। शेयर, म्यूचुअल फंड या सरकारी योजनाओं में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। कोई रुका हुआ भुगतान या वेतन आज मिल सकता है। कार्यस्थल पर आपकी काबिलियत का सम्मान होगा।

### तुला
आज आय और व्यय के बीच संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आकस्मिक खर्च बढ़ सकते हैं, जैसे वाहन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की मरम्मत पर आपका काफी पैसा खर्च हो सकता है। धन प्राप्ति के लिए प्रयास करने होंगे, कोई पुराना कर्ज वापस मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज पैसों को लेकर कुछ नई योजनाएं बन सकती हैं, विशेषकर यदि आप व्यवसाय विस्तार के बारे में सोच रहे हैं। किसी वरिष्ठ का आर्थिक सहयोग मिल सकता है। अचानक बड़ा भुगतान करना पड़ सकता है, जिससे आपकी नकदी स्थिति प्रभावित हो सकती है।

### धनु
आज नौकरीपेशा लोगों को वेतन या प्रमोशन की अच्छी खबर मिल सकती है। बकाया रकम की प्राप्ति या निवेश से लाभ संभव है। खर्च पर नियंत्रण रखना आवश्यक है, खासकर अनावश्यक खरीदारी या खानपान पर। व्यवसाय में वृद्धि के लिए पूंजी निवेश की योजना बनेगी।

### मकर
आज भाग?य साथ दे रहा है और आपके लिए आकस्मिक लाभ की संभावना है। किसी पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा लेकिन उसी अनुपात में आय में भी बढ़ोतरी के संकेत हैं। किसी करीबी से आर्थिक मदद मिल सकती है।

### कुंभ
आज दिन दिन संपत्ति या घर की मरम्मत में खर्च हो सकता है और आपका काफी खर्च हो सकता है। यदि आपने हाल ही में कोई निवेश किया था, तो उसका लाभ आने वाले दिनों में दिखेगा। फ्रीलांसर और निजी व्यवसायियों के लिए आय में वृद्धि के संकेत हैं। सैलरी में देरी हो सकती है, जिससे अस्थायी तनाव हो सकता है।

### मीन
आर्थिक दृष्टिकोण से दिन सकारात्मक है, खासकर जिन लोगों ने हाल ही में किसी योजना में पैसा लगाया है। पुराने किसी मित्र या रिश्तेदार की मदद से आय स्रोत विकसित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान के साथ साथ बोनस या कोई अन्य वित्तीय लाभ मिलने के संकेत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अविवाहित मां ने प्रसव के तुरंत बाद मार डाला; गिरफ्तार

**पतनमथिट्टा, एजेंसी।** केरल के पतनमथिट्टा में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक 21 वर्षीय अविवाहित महिला को घर पर प्रसव के तुरंत बाद बच्ची की हत्या कर देने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस ने महिला की जानकारी उजागर किए बिना बताया कि उसे अस्पताल से गिरफ्तार किया गया है, जहां पर खून ज्यादा बह जाने की वजह से उसका इलाज किया जा रहा था। महिला की गर्भावस्था उसके प्रेम संबंध का परिणाम थी, उसके परिवार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह गर्भवती थी। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, 17 जून की सुबह इलावुमथिट्टा पुलिस थाना क्षेत्र के मेझुवेली गांव में अपने घर के शौचालय में उसने बच्ची को जन्म दिया। जन्म के बाद उसने बच्ची की कथित तौर पर हत्या कर दी और शव को अपने घर के पीछे सुनसान इलाके में फेंक दिया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में शिशु का शव घास के एक गट्ठर में लिपटा हुआ मिला। पोस्टमॉर्टम जांच में पुष्टि हुई कि बच्ची की मौत सिर पर चोट लगने से हुई। शुरुआत में पूछताछ के दौरान महिला ने अपने गुनाह से साफ इनकार किया और कहा कि वह बाथरूम में गिर गई थी इस वजह से उसके सिर में चोट लग गई थी। हालांकि बाद में पूछताछ और खोजबीन के बाद पुलिस को पता चला कि बच्ची की हत्या जानबूझकर की गई थी। पुलिस अब इस घटना में महिला के प्रेमी की भूमिका की जांच कर रही है। शुरुआती जांच के बाद महिला को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक अभी इस घटना की जांच जारी है।

### पहले चरण में नए स्टेशन से चलेंगी 6 ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे स्टेशन पर रीडेवलपमेंट का काम शुरू होने से पहले यहां से ट्रेनों को शिफ्ट करने की योजना तैयार कर ली गई है। उत्तर रेलवे ने पहले चरण में 6 गाड़ियों को आनंद विहार, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर आगामी जुलाई और अगस्त महीने से शिफ्ट करने की घोषणा की है। यह गाड़ियां नए स्टेशनों से चलेंगी और वहीं पर अपना सफर खत्म करेंगी। इनके परिचालन के समय और तारीख भी तय हो गई हैं। सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में दो दर्जन से ज्यादा गाड़ियां नई दिल्ली स्टेशन से शिफ्ट की जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार, उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन की तरफ से आधा दर्जन रेलगाड़ियों के नाम रेलवे बोर्ड को दूसरे स्टेशनों पर शिफ्ट करने के लिए भेजे गए थे। बीते शुक्रवार को रेलवे बोर्ड ने इसे मंजूरी देकर उत्तर रेलवे को इनकी शिफ्टिंग की तारीख तय करने के निर्देश दिए थे।

### ऐसी रणनीति बनाए जिससे बीजेपी और उसके सहयोगियों को फायदा ना पहुंचे: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को अपनी पार्टी के जिला इकाई अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान, इस साल महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इन चुनावों में 29 नगर निगमों, 32 जिला परिषदों, 336 पंचायत समितियों और 248 नगर परिषदों के लिए मतदान होगा, जिनके लिए वार्ड परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उद्धव ने जिला अध्यक्षों से जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा से डरने की बजाय ऐसी रणनीति बनाने को कहा जिससे बीजेपी और उसके सहयोगियों को फायदा ना पहुंचे। शिवसेना (यूबीटी) के सीनियर नेता अनिल परब ने बताया कि उद्धव ठाकरे ने जिला अध्यक्षों को मतदाता सूची संशोधन और वार्ड परिसीमन प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए कहा। बैठक में जिला संपर्क प्रमुखों और राज्यभर के अन्य पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। पूर्व लोकसभा सांसद विनायक राउत ने कहा कि कार्यकर्ताओं का मानना है कि स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़े जाने चाहिए, लेकिन इस पर अंतिम फैसला उद्धव ठाकरे लेंगे। उद्धव ठाकरे का पार्टी कार्यकर्ताओं को क्या संदेश पार्टी सूत्रों के अनुसार, उद्धव ठाकरे ने जिला नेताओं से स्थानीय स्तर पर समान विचारधारा वाले समूहों के साथ गठबंधन पर विचार करने को कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा से डरने की बजाय ऐसी रणनीति बनाने को कहा, जिससे बीजेपी और उसके सहयोगियों को फायदा न हो।

### बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को लेकर महाराष्ट्र में पहला फुल स्पैन बॉक्स गर्डर लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के महाराष्ट्र सेक्शन में पहला फुल स्पैन प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट बॉक्स गर्डर इस्तेमाल किया है। यह 40 मीटर लंबा है। महाराष्ट्र खंड की लंबाई 156 किलोमीटर है, जिसमें बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में भूमिगत स्टेशन, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स और ठाणे के शिलफाटा के बीच 21 किमी लंबी सुरंग शामिल है। शिलफाटा से झारोली गांव (महाराष्ट्र-गुजरात सीमा) तक 135 किमी का निर्माण कार्य भी इसका हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस एलाइनमेंट में 124 किमी का वायडक्ट और 2.3 किमी स्टील ब्रिज शामिल हैं।

# कंचनजंगा की चोटी पर चढ़ाई रोकने की मांग

**कंचनजंगा, एजेंसी।** सिक्किम के बहुसंख्यक भूटिया लेप्चा समुदाय ने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पर्वत चोटी कंचनजंगा पर नेपाल की ओर से चढ़ाई पर पाबंदी लगाने की मांग उठाई है.इस पर्वतीय राज्य के लोग कंचनजंगा पर्वत को बेहद पवित्र मानते हैं.राज्य के लोगों की आध्यात्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सिक्किम सरकार ने वर्ष 2001 में ही इस पर चढ़ने पर रोक लगा दी थी.लेकिन नेपाल की ओर से कंचनजंगा अभियान भी जारी है.अब सिक्किम भूटिया लेप्चा अपेक्स कमिटी ने नेपाल सरकार और नेपाल माउंटेनियरिंग एसोसिएशन को पत्र भेज कर इसे तुरंत बंद करने की अपील की है.

भूटिया लेप्चा समुदाय की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखते हुए पहले कोई भी पर्वतारोही इसकी चोटी पर पैर नही रखता था.लेकिन बीते महीने सेना के एक अभियान के तहत इस पर तिरंगा फहराने और एक पाकिस्तानी पर्वतारोही के शिखर पर पहुंचने की खबरों से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है.हिमालय में बर्फबारी 23 साल के निचले स्तर पर, दो अरब लोगों पर खतराइससे पहले मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने भी केंद्र को पत्र लिख कर नेपाल सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाने की मांग कर चुके हैं.उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि दुनिया की यह तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए बेहद पवित्र और पूजनीय है.इसका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है.लेकिन अब यह मांग तेज क्यों हो रही है? अब यह मांग लगातार जोर पकड़ रही है. सिक्किम



भूटिया लेप्चा अपेक्स कमिटी ने नेपाल के पर्यटन मंत्री बदरी प्रसाद पांडे और नेपाल माउंटेनियरिंग एसोसिएशन (एनएमए) को लिखे पत्र में इस पर्वतीय चोटी पर चढ़ाई को तत्काल बंद करने की अपील की है.कमिटी के संयोजक शेतेन टी.भूटिया डीडब्ल्यू से कहते हैं, हम लंबे समय से यह मांग उठा रहे हैं.लेकिन हाल की घटनाओं ने हमारी चिंता बढ़ा दी है.

केंद्र सरकार को नेपाल सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाना चाहिए.यह मुद्दा हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं से गहरे जुड़ा हैभूटिया बताते हैं, बीते महीने भारतीय सेना की टीम और उसके बाद एक पाकिस्तानी पर्वतारोही के शिखर पर चढ़ने की खबरों के बाद भूटिया लेप्चा समुदाय में भारी नाराजगी है.यह हमारी धार्मिक भावनाओं का अपमान है.इसलिए हमने इस पर तत्काल पाबंदी लगाने की मांग उठाई है2001 में ही लगा कंचनजंगा की चढ़ाई पर पाबंदीइन खबरों के बाद कमिटी की ओर से कंचनजंगा के शुद्धिकरण के लिए हाल में काबी लुंगचोक में दो-दिवसीय धार्मिक समारोह भी आयोजित किया गया था.कमिटी के सदस्यों ने राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से भी मुलाकात कर सिक्किम की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की रक्षा के लिए हस्तक्षेप की अपील की है.यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि सिक्किम सरकार ने वर्ष 2001 में ही पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के तहत कंचनजंगा की चढ़ाई पर पाबंदी लगा दी थी. उससे पहले सिक्किम की ओर से अब तक महज तीन बार ही इस पर चढ़ाई की गई है.देशी-विदेशी पर्वतारोही अब नेपाल की ओर से ही इस पर चढ़ते हैं.नेपाल की ओर से जारीनेपाल के सांस्कृतिक, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल एक मार्च से 1 मई तक 78 लोगों को कंचनजंगा अभियान के लिए परमिट जारी किए गए थे.इससे नेपाल सरकार को प्रति पर्वतारोही दो से ढाई हजार अमेरिकी डालर की रायल्टी मिलती है.यह रकम यात्रा के दिनों और सुविधाओं पर निर्भर है. नेपाल की ओर से बसंत ऋतु के डेढ़ महीने (अप्रैल से मई के शुरुआती दो सप्ताह) के दौरान ही इस चोटी पर चढ़ाई संभव है.पिघलते ग्लेशियर हम पर क्या असर डालते हैंब्रिटेन के दो पर्वतारोहियों जो ब्राउन और जॉर्ज बैंड ने वर्ष 25 मई, 1955 सबसे पहले कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी.लेकिन लोगों की धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखते हुए वो चोटी की बजाय उसके बेस तक ही पहुंचे थे.इसी वजह से ज्यादातर पर्वतारोही चोटी पर चढ़ने से बचते रहे हैं.माउंट एवरेस्ट के मुकाबले कंचनजंगा पर चढ़ाई बेहद कठिन है.यहां ऐसे अभियान के दौरान मृत्यु दर भी ज्यादा है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक यह मृत्यु दर 21 से 29 प्रतिशत है.यानी इस पर चढ़ने की कोशिश करने वाले हर 20 पर्वतारोहियों में से चार से छह लोगों की मौत हो जाती है. सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व वाली कंचनजंगा कंचनजंगा (28,169 फीट) दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है.इसकी चढ़ाई सिक्किम और नेपाल दोनों ओर से की जा सकती है.लेकिन सिक्किम ने इसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इस पर पाबंदी लगा रखी है.अब राज्य के भूटिया लेप्चा समुदाय के साथ ही सरकार भी चाहती है कि नेपाल सरकार भी इस पर पाबंदी लगा दे.सिक्किम के धार्मिक मामलों के मंत्री सोनम लामा ने डीडब्ल्यू से कहा, अब तक नेपाल की ओर से पांच सौ से ज्यादा लोग कंचनजंगा की चढ़ाई कर चुके हैं.इनमें भारतीय भी शामिल हैंलेकिन क्या भारत सरकार नेपाल के समक्ष यह मुद्दा उठाएगी।

## 4 साल की बच्ची से रेप के दोषी को मिली थी सजा-ए-मौत

**खंडवा, एजेंसी।** क्या आपने कभी सुना है कि एक हैवान, जिसने मासूम बच्ची से रेप के बाद उसका गला घोंट दिया हो और कोर्ट ने उसको सजा-ए-मौत दे दी हो? हो सकता है आपने ये सुना भी हो, लेकिन क्या कभी किसी रेप के आरोपी को मिली मौत की सजा को बदलते हुए देखे हैं? अगर नहीं तो जान लें। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने चार साल की बच्ची से रेप करने वाले दोषी को राहत दे दी है। कोर्ट ने दोषी की मौत की सजा को कम करके उसे 25 साल की जेल की सजा में बदल दिया है। कोर्ट ने इसका कारण भी बताया है। इसके अलावा कोर्ट ने दोषी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के दोषी की मौत की सजा को 25 वर्ष के सश्रम कारावास में बदल दिया। कोर्ट ने दोषी की मौत की सजा को बदलते हुए इसका कारण भी बताया है। कोर्ट का कहना है कि दोषी युवक अशिक्षित है और एक गरीब आदिवासी परिवार से ताल्लुक रखता है। कोर्ट ने दोषी पर अपने आदेश में 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल और न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की खंडपीठ ने स्वीकार किया कि अपीलकर्ता (अदालत ने नाम का खुलासा नहीं किया) ने एक क्रूर कृत्य किया क्योंकि उसने एक चार साल की मौसूम बच्ची से रेप किया और उसका गला घोंट कर उसे मरने के लिए छोड़ दिया। पीठ ने साथ ही यह भी कहा, दोषी 20 वर्षीय अशिक्षित युवक है व आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखता है और उसके माता-पिता ने कभी उसे शिक्षा देने की कोशिश नहीं की। कोर्ट ने कहा कि उसकी ठीक से देखभाल नहीं की गयी इसलिए दोषी ने अपना घर छोड़ दिया और एक ढाबे में रह कर काम कर रहा था। पीठ ने कहा कि ढाबे का माहौल अच्छी परवरिश के लिए अनुकूल नहीं हो सकता इसलिए अदालत ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दंडनीय अपराध के लिए उसकी मौत की सजा को 25 वर्ष के सश्रम कारावास में बदल दिया।

## ईवीएम को लेकर उमर अब्दुल्ला का कांग्रेस पर तंज: अगर आप चुनाव जीत नहीं पा रहे हैं तो बहाने मत बनाइए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इंडिया गठबंधन में साथी कांग्रेस पार्टी की जमकर खिंचाई की है। उन्होंने कहा है कि अगर आप चुनाव जीत नहीं पा रहे हैं तो बहाने मत बनाइए। गौरतलब है कि चुनाव में हार के बाद कांग्रेस पार्टी अक्सर ईवीएम और इलेक्शन कमीशन पर उंगली उठाती रही है। इसको लेकर जम्मू उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी ने लगातार ईवीएम पर सवाल उठाए। पार्टी ने चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता और पारदर्शिता के अभाव का आरोप भी लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी सवाल उठाए। उमर अब्दुल्ला ने कहाकि गठबंधन के नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनावी नतीजों के बाद से एक बैठक तक नहीं की है। उमर अब्दुल्ला ने कहाकि चुनाव प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस से जो भी बातें आप सुनते हैं, वह कांग्रेस का खुद का मत है। जम्मू कश्मीर के सीएम ने कहाकि मैं इन बातों को साझा नहीं करता। इकोनॉमिक टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अब्दुल्ला ने कहाकि इसका कारण बहुत स्पष्ट है। अगर मैं किसी चीज में सफल नहीं हो रहा हूं तो इसको लेकर बहाने नहीं बनाता हूं।

# केरल के स्कूलों में पढ़ाए जाएंगे राज्यपाल के अधिकार- राज्य सरकार कर रही है तैयारी

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में प्रदेश सरकार और राज्यपाल के बीच खींचतान जारी है। इस बीच यहां के शिक्षा मंत्री ने एक बड़ा ऐलान किया है। केरल के शिक्षा मंत्री वी सिवनकुट्टी ने कहाकि वह बहुत जल्द ही स्कूल के पाठ्यक्रम में एक नया अध्याय जोड़ने वाले हैं। इसमें राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों और कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा। यह घोषणा उस घटना के बाद आई है, जिसमें शिक्षामंत्री राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम से निकल आए थे। यह कार्यक्रम प्रदेश की राजधानी तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया था। शिक्षामंत्री वी सिवनकुट्टी ने डायस पर आरएसएस से जुड़ी भारत माता के पोर्टेट का विरोध किया था।

**किस क्लास में होगा लागू :** मीडिया से बात करते हुए सिवनकुट्टी ने कहाकि भारत में राज्यपालों के संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों की व्याख्या करने वाला पाठ इस साल कक्षा 10 के छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तकों के दूसरे खंड में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अध्याय कक्षा 11 और 12 के छात्रों के पाठ्यक्रम में संशोधन के हिस्से के रूप में पाठ्यपुस्तकों में जोड़ा जाएगा। मंत्री ने आगे कहाकि स्कूल लोकतंत्र के मूल्यों को सीखने के लिए आदर्श जगह हैं। स्कूल का पाठ्यक्रम संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखते हुए संशोधित किया जा रहा है। आज देश में, निर्वाचित राज्य





सरकारों को अस्थिर करने के प्रयास बढ़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में यह स्पष्ट किया है कि राज्यपालों के संविधानिक अधिकार क्या हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले की तरफ इशारा :** मंत्री सिवनकुट्टी का इशारा 8 अप्रैल को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की ओर था। इस फैसले ने राज्य के बिल पर फैसले या उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजने को लेकर राज्यपालों के लिए एक समय-सीमा निर्धारित की थी। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए भी मंजूरी देने की एक समय सीमा निर्धारित की। राष्ट्रपति ने इस निर्णय पर प्रेसिडेंशियल रेफरेंस मांगा है। शीर्ष अदालत का यह फैसला तमिलनाडु के मामले में आया है। इसमें तमिलनाडु सरकार ने राज्यपाल आरएन रवि के व्यवहार का हवाला दिया था। कई अन्य प्रदेशों में, जहां भाजपा का शासन नहीं है सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव देखने को मिला है। गौरतलब है कि संविधान के तहत राज्यपाल की शक्तियां सीमित हैं।

जब मंत्री सिवनकुट्टी से पूछा गया कि क्या इस निर्णय का संबंध राजभवन के भारत माता चित्र के उपयोग के विवाद से है? इसके जवाब में उन्होंने कहाकि मुझे दृढ़ विश्वास है।

# कानूनी बिरादरी के आगे बैकफुट पर ईडी, वापस लिया वकीलों को जारी समन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कानूनी बिरादरी के भारी विरोध और हंगामे के बाद अपने कदम पीछे खींच लिए हैं और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप वेणुगोपाल और अरविंद दातार को जारी किए गए समन को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) जैसे कानूनी संगठनों की कड़ी निंदा और मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई को लिखे गए पत्र के बाद हुई।

**ईडी ने अपने अधिकारियों को दिया निर्देश :** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार का उल्लंघन करते हुए किसी भी वकील को समन जारी न करें और इस संबंध में कोई भी अपवाद एजेंसी के निदेशक द्वारा अप्रूवल के बाद ही किया जा सकता है। धन शोधन अपराधों से निपटने के लिए कार्यरत केंद्रीय एजेंसी ईडी ने एक बयान में कहा कि




उसने क्षेत्रीय इकाइयों के मार्गदर्शन के लिए एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 132 का उल्लंघन करते हुए किसी भी वकील को कोई समन जारी नहीं किया जाएगा। ईडी ने कहा, इसके अलावा, यदि बीएसए, 2023 की धारा 132 के प्रावधान में दिए गए अपवादों के तहत कोई समन जारी करने की आवश्यकता है, तो उसे केवल ईडी के निदेशक की पूर्व स्वीकृति से ही जारी किया जाएगा।

**वापस लिया गया वकीलों को जारी समन :** ईडी ने कहा कि वेणुगोपाल को जारी किया गया समन एक कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के तौर पर उनकी हैसियत से जारी किया गया था और इसे वापस ले लिया गया है। उन्हें इस बारे में सूचित कर दिया गया है। एजेंसी ने कहा, उक्त पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि सीएचआईएल के स्वतंत्र निदेशक के रूप में उनसे किसी दस्तावेज की आवश्यकता होगी तो उन्हें ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाएगा। दातार के खिलाफ जारी समन के मामले में एजेंसी सूत्रों ने कहा कि उनके खिलाफ जारी समन वापस नहीं लिया गया है, बल्कि स्थगित रखा गया है तथा उन्हें ऐसा कोई नया नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। ईडी ने 18 जून को वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप वेणुगोपाल को समन जारी किया था, जिसमें उन्हें 24 जून को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 50 के तहत पेश होने के लिए कहा गया था। यह समन केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड (सीएचआईएल) द्वारा रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व चेयरपर्सन डॉ. रश्मि सलूजा को कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) प्रदान करने से संबंधित जांच के सिलसिले में था।

## एनकाउंटर में मारे जाने का डर, 12 नक्सलियों का सरेंडर, 26 लाख के इनामी माओवादी भी शामिल

**कांकेर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना के कोठागुडेम में 26 लाख के इनामी समेत 12 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वालों में चार महिला नक्सली भी शामिल हैं। ये नक्सली छत्तीसगढ़ की कई घटनाओं में शामिल रहे हैं।आत्मसमर्पित नक्सलियों में 2 डीवीसीएम, 4 एसीएम, 2 पार्टी सदस्य, 2 मिलिशिय सदस्य, 2 आरपीसी सदस्य हैं। सभी नक्सलियों ने तेलंगाना के कोठागुडेम पुलिस मुख्यालय में एसपी रोहित राज के सामने सरेंडर किया है। तेलंगाना में इस साल अब तक 294 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। तेलंगाना से लगे छत्तीसगढ़ के बस्तर में लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है, जिससे घबराकर माओवादी सरेंडर कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। इधर शुक्रवार को कांकेर जिले के छोटेबेठिया इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। डीआरजी और बीएसएफ जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। दो नक्सलियों का शव और हथियार बरामद किया गया है। एनकाउंटर में मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। कांकेर जिले के एसएसपी इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि



एनकाउंटर अभी जारी है। जवानों से जानकारी मिलने के बाद ही डिटेल बता पाएंगे। बता दें कि तीन दिन पहले छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेडुमिल्ली जंगलों में ग्रेहाउंड्स फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें केंद्रीय समिति का सदस्य गजरला रवि उर्फ उदय, विशेष जोनल समिति की सदस्य वीआरएल चैतन्य उर्फ अरुणा और अंजू को मुठभेड़ में जवानों ने मार गिराया था। रवि पर 40 लाख और अरुणा पर 25 लाख का इनाम था। सुरक्षा बलों ने मौके से दो एके-47 राइफलें और भारी मात्रा में नक्सली सामान जब्त किया था। इससे पहले अबूझमाड़ के जंगल में भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें सेंट्रल कमेटी के मेंबर मारे गए थे। बता दें कि नक्सलवाद पर अंकुश लगाने की रणनीति पर मंथन करने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 जून को रायपुर आ रहे हैं। बता दें कि मार्च-2026 तक छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन तय की गई है।

# लोकसभा चुनाव में कुल खर्च का करीब 45 प्रतिशत भाजपा ने किया, एडीआर की रिपोर्ट ने चौंकाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान करीब 1494 करोड़ रुपये खर्च किए, जो कुल चुनाव खर्च का 44.56 प्रतिशत है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद 620 करोड़ रुपये व्यय के साथ कांग्रेस का स्थान है। पार्टी की ओर से किया गया व्यय कुल खर्च का 18.5 प्रतिशत है। एडीआर ने 32 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के व्यय का विश्लेषण किया। इन पार्टियों ने 16 मार्च से 6 जून 2024 के बीच लोकसभा और आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा व सिक्किम में एक साथ हुए विधानसभा चुनावों के दौरान कुल 3,352.81 करोड़ रुपये खर्च किए। इस व्यय में राष्ट्रीय दलों की हिस्सेदारी 2,204 करोड़ रुपये (65.75 प्रतिशत) से अधिक रही।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'एकत्र हुई कुल धनराशि में राष्ट्रीय दलों ने 6930.246 करोड़ रुपये (93.08 प्रतिशत) जुटाए। क्षेत्रीय दलों को 515.32 करोड़ रुपये (6.92 प्रतिशत) मिले। यह विश्लेषण अनिवार्य व्यय विवरण पर आधारित है, जिसे राजनीतिक दलों को आम चुनाव के 90 दिनों के भीतर और विधानसभा चुनावों के 75 दिनों के




भीतर निर्वाचन आयोग के पास दाखिल करना होता है। एडीआर ने पाया कि विवरण दाखिल करने में काफी देरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग को आम आदमी पार्टी का विवरण 168 दिन विलंब से मिला, जबकि भाजपा का विवरण 139 से 154 दिन विलंब से प्राप्त हुआ। एडीआर के अनुसार, केवल कांग्रेस ने ही लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पूरी रिपोर्ट सौंपी। व्यय की सूची में चुनाव प्रचार शीर्ष स्थान पर रहा, जिस पर पार्टियों ने 2,008 करोड़ रुपये खर्च किए, जो उनके कुल घोषित व्यय का 53 प्रतिशत से अधिक है।

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद यात्रा व्यय का स्थान है जो 795 करोड़ रुपये रहा। वहीं, उम्मीदवारों को एकमुश्त भुगतान के रूप में 402 करोड़ रुपये खर्च किये गए। पार्टियों ने डिजिटल माध्यम से चुनाव प्रचार पर 132 करोड़ रुपये और अपने उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि को प्रकाशित करने पर 28 करोड़ रुपये खर्च किए। 32 राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव प्रचार पर किए गए कुल व्यय में से राष्ट्रीय दलों द्वारा 1511.30 करोड़ रुपये या 75.25 प्रतिशत खर्च किया गया। क्षेत्रीय दलों की ओर से 496.99 करोड़ रुपये या 24.75 प्रतिशत खर्च किया गया। यात्रा व्यय स्टार प्रचारकों पर अधिक हुआ। यात्रा पर खर्च किए गए 795 करोड़ रुपए में से 765 करोड़ रुपए (96.22 प्रतिशत) पार्टी के हाई-प्रोफाइल नेताओं की यात्रा पर खर्च किए गए, जबकि अन्य नेताओं पर महज 30 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

## विश्वास और भरोसा... इन दो शब्दों के साथ जीते हैं यशस्वी जायसवाल, टैटू से हुआ खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया ने शानदार शुरुआत की है. मैच के पहले दिन भारतीय टीम ने तीन विकेट खोकर 359 रन बना लिए हैं. कप्तान शुभमन गिल 127 और उप कप्तान ऋषभ पंत पहले दिन 65 रन बनाकरनाबाद रहे. इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक ठोकर इंग्लिश गेंदबाजों को चौंका दिया. उन्होंने 101 रनों की शानदार पारी खेली. इस दौरान उनको लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है. उनके शरीर पर बने टैटू ने उनके जीवन से जुड़े अहम पलों को दुनिया के सामने लाकर रख दिया है. टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 159 गेंदों में 16 चौकों और एक छक्का की मदद से 101 रनों की पारी खेली. इंग्लैंड में यशस्वी का ये पहला शतक है. इस दौरान यशस्वी के शरीर पर बने टैटू को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. उन्होंने अपने दोनों हाथों पर तारीख के साथ कुछ लिखवाए हैं. इन तारीखों का इस सलामी बल्लेबाज के जीवन से अहम कनेक्शन है.

16 अक्टूबर 2019 को उन्होंने झारखंड के खिलाफ लिस्ट ए टूर्नामेंट में 203 रन की पारी खेली थी. इससे यशस्वी को भरोसा हुआ कि वे दुनिया के बेस्ट बल्लेबाजों के बीच बल्लेबाजी कर सकते हैं. वहीं सात मई 2022 को उन्होंने IPL में राजस्थान रॉयल्स के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ 68 रन की पारी खेली थी और पहला प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीता था. इससे उनका अपने ऊपर विश्वास बढ़ा था.

### यशस्वी ने बताई वजह

टीम इंडिया के इस बल्लेबाज ने अपने शरीर पर भी टैटू गुदवा रखे हैं. यहां उन्होंने IPL, रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी डेब्यू की तारीखों को लिखवा रखा है. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था कि मैंने इन्हें अपने हाथ पर स्थायी रूप से लिखवाने का फैसला किया. मेरे लिए खुद पर भरोसा और विश्वास काफी जरूरी है. ये मुझे याद दिलाते हैं कि मैं क्या हूं और क्यों मुझे हमेशा खुद पर ट्रस्ट और विश्वास करना चाहिए. अब मेरे जीवन के लिए ये दोनों शब्द काफी अहम हैं. उन्होंने बताया कि मई 2022 के बाद से उनके जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया. उन्होंने कहा कि अन्य खिलाड़ियों की तरह मैं भी अच्छा करना चाहता था, लेकिन कहीं न कहीं खुद पर विश्वास कम था. जब मैं नाकाम होता था तो खुद से पूछा करता था कि क्या इस काबिल हूं या नहीं?

## भूटिया के आरोप बेबुनियाद, एआईएफएफ की छवि खराब कर रहे - कल्याण चौबे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भूटिया के लगाए आरोपों के बाद कल्याण चौबे ने उन्हें एआईएफएफ की 2 जुलाई को होने वाली बैठक में आमंत्रित किया है। बाइचुंग भूटिया को 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष के चुनाव में कल्याण चौबे के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भूटिया उनके आलोचक रहे हैं। हाल के दिनों भारतीय फुटबॉल टीम का प्रदर्शन खराब रहा है, जिसके बाद वह और ज्यादा आक्रामक हो गए हैं। कल्याण चौबे ने कहा, हम दो नारों में विश्वास करते हैं - पहला फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है और दूसरा भारतीय फुटबॉल, एक साथ आगे बढ़ें। ये नारे हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि एक साथ काम करके हम भारतीय फुटबॉल को और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां हर नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार है। एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में बाइचुंग भूटिया के पास अपने विचार व्यक्त करने, चिंताओं को उठाने और विभिन्न एआईएफएफ कार्यकारी समिति की बैठकों में भारतीय फुटबॉल के विकास और प्रदर्शन की दिशा में रचनात्मक योगदान देने के लिए एक उपयुक्त और सशक्त मंच तक पहुंच है। उन्हें 2 जुलाई की बैठक में बुलाया गया है। चौबे ने कहा कि यह देखा गया है कि सितंबर 2022 के चुनावों में हार के बाद से बाइचुंग भूटिया ने लगातार और जानबूझकर एआईएफएफ पर निराधार आरोप लगाए हैं और महासंघ की विकृत छवि पेश की है। इस तरह की हरकतें न केवल महासंघ की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय फुटबॉल पर नकारात्मक रौशनी में भी डालती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय फुटबॉल की विकास और बेहतरी के लिए एआईएफएफ हमेशा भूटिया के रचनात्मक सुझावों का स्वागत करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिकांश कार्यकारी समिति की बैठकों में, उनका योगदान मुख्य रूप से ठोस प्रस्ताव पेश करने की बजाय पूरे बोर्ड द्वारा सामूहिक रूप से लिए गए निर्णयों का विरोध करने पर केंद्रित रहा है। कल्याण चौबे ने 13 जून को दिल्ली के प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइचुंग भूटिया द्वारा संचालित वाणिज्यिक फुटबॉल अकादमियों की सीरीज की आलोचना की थी और फुटबॉल स्कूलों पर परिवारों की भावनाओं से खेलकर अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया था। कल्याण चौबे द्वारा लगाए आरोपों का बाइचुंग भूटिया ने शुक्रवार को जवाब देते हुए कलकत्ता जर्नलिस्ट्स क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, एआईएफएफ एक सर्कस में बदल गया है और कल्याण चौबे जोकर की तरह कार्य कर रहे हैं।

इंडिया-इंग्लैंड टेस्टः

# लीड्स में ऋषभ पंत ने धोनी का रिकॉर्ड किया ध्वस्त, इंग्लैंड में रचा इतिहास

## भारत की पहली पारी 471 पर सिमटी



**लीड्स, एजेंसी।** इंग्लैंड के लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों का जलवा लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। पहले दिन यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने बेहतरीन शतक लगाकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। वहीं, दूसरे दिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ऐतिहासिक शतक जड़ा। पंत ने दूसरे दिन के पहले ही सत्र में 146 गेंदों पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। यह तीसरी बार है जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में छक्के से शतक पूरा किया है। दिलचस्प बात यह है कि तीनों बार उन्होंने इंग्लैंड के ही स्पिन गेंदबाजों–आदिल राशिद, जो रूट और शोएब बशीर की गेंद पर यह कारनामा किया है। यह पंत का टेस्ट करियर का सातवां शतक है।

### तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

इस शतक के साथ ऋषभ पंत ने महेंद्र सिंह धोनी का 11 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पंत अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बन गए हैं। धोनी ने अपने करियर में 90 टेस्ट मैचों में 6 शतक लगाए थे, जबकि पंत ने सिर्फ 44 टेस्ट मैचों में ही 7 शतक पूरे कर लिए हैं। यह पंत का इंग्लैंड की सरज़मीं पर तीसरा टेस्ट शतक है और SENA देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में कुल मिलाकर उनका पांचवां शतक है। इससे साफ जाहिर होता है कि विदेशी पिचों पर उनका बल्ला खूब बोलता है।



# जिंबाब्वे टेस्ट सीरीज से टेंबा बावुमा बाहर

### केशव महाराज करेंगे कप्तानी

**जोहान्सबर्ग , एजेंसी।** हाल ही में साउथ अफ्रीका को अपनी कप्तानी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने वाले टेंबा बावुमा जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह स्पिन गेंदबाज केशव महाराज कप्तानी करेंगे।

टेंबा बावुमा बाएं टखने में खिंचाव की वजह से जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए हैं। यह इंजरी उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान ही हुई थी, हालांकि तब उन्होंने इंजरी के साथ बैटिंग की थी और दूसरी पारी में 66 रन बनाकर टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेंबा बावुमा बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बावुमा को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगी थी। चोट की गंभीरता का आंकलन करने के लिए उनका स्कैन किया जाएगा। उनकी अनुपस्थिति में केशव महाराज टीम की कप्तानी करेंगे। यह दो साल से कम समय में बावुमा की तीसरी हैमस्ट्रिंग इंजरी है। इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप के दौरान चोट लगी थी। इंजरी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल खेले थे। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान भी उन्हें चोट लगी थी। उन्हें बार-बार कोहनी की समस्या भी होती है। वह अक्सर अपनी बाईं कोहनी पर भारी पट्टी बांधकर खेलते हैं। जिंबाब्वे सीरीज से दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 के चक्र की शुरुआत करेगा। जिंबाब्वे के खिलाफ सीरीज 28 जून से शुरू हो रही है। दक्षिण अफ्रीका ने जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपने कई खिलाड़ियों को आराम दिया है। इसमें एडेन मार्करम और कैगिसो रबाडा शामिल हैं। लुंगी एनगिडी केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे। पांच नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

**जिंबाब्वे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है:**

डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोरजी, जुबैर हमजा, केशव महाराज (कप्तान), क्वेना मफाका, वियान मुल्डर, लुंगी एंगिडी (सिर्फ दूसरा टेस्ट), लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रेयन, काइल वेरिन, कोडी यूसुफ।

## कभी बिस्किट के पैकेट के लिए खेला करते थे जावेद हुसैन, आज रग्बी प्रीमियर लीग में हैं नंबर-1 भारतीय



**मुंबई, एजेंसी।** रग्बी प्रीमियर लीग-2025 (आरपीएल) के एक हफ्ते में हैदराबाद हीरोज अपने सभी चार मैच जीत चुकी है। टीम 15 प्वाइंट्स के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। हैदराबाद हीरोज की सफलता का श्रेय काफी हद तक जावेद हुसैन को जाता है, जिनका सफर असाधारण रहा है। चार मुकाबलों में 20 प्वाइंट्स के साथ जावेद प्वाइंट्स टेबल में सातवें पायदान पर हैं। वह इस सीजन लीग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय हैं। नई दिल्ली के वसंत कुंज में रहने वाले जावेद एक बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। झुग्गी में पले-बढ़े जावेद के घर के पीछे एक जंगल था, जहां उन्हें मजबूरन शौच के लिए जाना पड़ता था, क्योंकि उनके घर शौचालय नहीं था। धीरे-धीरे एक एनजीओ (अर्थ फाउंडेशन) आया, जिसने जंगल को साफ करते हुए यहां एक मैदान बनाया। दिल्ली हरिकेंस रग्बी क्लब के कोच एनजीओ के सहयोग से यहां आए और बच्चों को ट्रेनिंग देनी शुरू की। जावेद वहां अपने दोस्तों को खेलते हुए देखा करते थे, लेकिन यह खेल उनकी समझ में नहीं आ रहा था। इसके साथ ही वह खुद से बड़े बच्चों से डरते थे। एक दिन कोच ने जावेद को देखा और कहा कि वह ट्रेनिंग के बाद उन्हें टाइगर बिस्किट का पैकेट देंगे। ...फिर क्या था, बिस्किट के लालच में जावेद ने रग्बी खेलना शुरू कर दिया। शुरुआत में जब जावेद खेलते थे, तो परिवार के पास ज्यादा पैसे नहीं होते। इसके बावजूद उनके पिता ने बेटे के लिए हर संभव कोशिश की।

## 40 साल की उम्र में फॉफ डुप्लेसिस ने ठोका टी20 करियर का 7वां शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेजर लीग क्रिकेट 2025 के 10वें मैच में टेक्सास सुपर किंग्स के कप्तान फॉफ डुप्लेसिस का बल्ला सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के



खिलाफ जमकर गरजा। डुप्लेसिस ने इस मैच में टीम के लिए कप्तानी पारी खेलते हुए शतक लगाया और पहले बैटिंग करते हुए सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 198 रन बनाए। इस मैच में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के कप्तान मैथ्यू शॉर्ट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।

इस मैच में सुपर किंग्स के कप्तान डुप्लेसिस ने अपना शतक 50 गेंदों पर पूरा किया और 51 गेंदों पर 100 रन की पारी खेली। सुपर किंग्स के लिए इस सीजन में ये उनका पहला शतक रहा जबकि अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 7 छक्के और 6 चौके भी लगाए। उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 196.08 का रहा। ये डुप्लेसिस के टी20 क्रिकेट करियर का 7वां शतक रहा जो उन्होंने 40 साल की उम्र में लगाया। अपना 7वां शतक उन्होंने 417वें टी20 मैच में लगाया।

सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ मैच में डुप्लेसिस ने डेवोन कॉनवे के साथ पारी की शुरुआत की और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 97 रन की अच्छी साझेदारी भी हुई। हालांकि कॉनवे ने सिर्फ 23 रन की पारी खेली, लेकिन कप्तान डुप्लेसिस दूसरे छोर से रन बरसाते नजर आए। सैतेजा मुक्कामल्ला ने 24 गेंदों पर 38 रन की तेज पारी खेली जबकि मार्कस स्टोइनिस एक रन पर आउट हो गए। इसके बाद डेरिल मिचेल 10 रन जबकि केल्विन सैवेज 19 रन बनाकर नाबाद रहे।

## वियतनाम में अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं ने ट्रॉफी जीती

**वुंग ताऊ (वियतनाम), एजेंसी ।** भारतीय महिला अंडर-23 पहलवानों ने वर्तमान में वुंग ताऊ (वियतनाम) में चल रही अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश को



गौरवान्वित किया, उन्होंने कुल 10 पदक जीते। कौशल और दृढ़ संकल्प के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने सभी 10 भार वर्गों में पदक हासिल करते हुए चैंपियन ट्रॉफी जीती - चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य। 50 किलोग्राम वर्ग में प्रियांशी प्रजापत, 55 किग्रा वर्ग में रीना, 68 किग्रा में सृष्टि और 76 किग्रा भार वर्ग में प्रिया ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते। नेहा शर्मा ने 57 किग्रा में रजत पदक, प्रगति ने 62 किग्रा में रजत पदक, शिक्षा ने 65 किग्रा में रजत पदक, तन्वी ने 59 किग्रा में रजत पदक और ज्योति बेरवाल ने 72 किग्रा में रजत पदक जीता। हिनाबेन खलीफा ने 53 किग्रा में कांस्य पदक जीता।

## तेंदुलकर, गांगुली की सोशल मीडिया पर हल्की-फुल्की नोकझोंक ने प्रशंसकों को हंसाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर हल्की-फुल्की नोकझोंक की, क्योंकि उन्हें 2002 में अपने शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन की याद आ गई, जब भारत ने शुक्रवार को लीड्स में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के पहले दिन 359/3 का स्कोर बनाया। भारत नए कप्तान के नेतृत्व में खेल रहा है और बल्लेबाजी क्रम में रोहित शर्मा



और विराट कोहली की मौजूदगी सुनिश्चित नहीं थी, लेकिन मेहमान टीम ने यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (नाबाद 127) के शतकों और ऋषभ पंत (नाबाद 65) के शानदार नाबाद अर्धशतक की बदौलत सीरीज में मजबूत शुरुआत की।

कुछ प्रशंसकों ने तेंदुलकर और गांगुली को 2002 में हेडिंग्ले में भारत की शानदार बल्लेबाजी की याद दिलाई, जब उन्होंने चौथे विकेट के लिए 249 रनों की साझेदारी की थी। तेंदुलकर ने 303 गेंदों पर 193 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि गांगुली ने 128 रन बनाए। राहुल द्रविड़ के 148 रनों की मदद से तीन भारतीय बल्लेबाज तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचे, जबकि सलामी बल्लेबाज संजय बांगर ने 68 रनों का योगदान दिया।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर उनकी शानदार साझेदारी और लीड्स में तीन शतकों के बारे में एक पोस्ट के जवाब में, तेंदुलकर ने फिंगर्स-क्रॉस इमोजी के साथ जवाब दिया। इसके बाद गांगुली ने तेंदुलकर को अपने जवाब के साथ बात को आगे बढ़ाया। गांगुली ने अपने पोस्ट में लिखा, हाय चैंप...इस बार यह 4 हो सकता है...इस अच्छी सतह पर...पंत और शायद करुण...2002 में पहले दिन की सतह...इससे थोड़ी अलग थी...।

उनके जवाब ने प्रशंसकों को हंसा दिया और उनमें से कुछ ने कहा कि मौजूदा टीम में इस तरह की बॉन्डिंग की जरूरत है।

क्लब विश्व कपः

# बायर्न ने बोका को हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया

**मियामी, एजेंसी।** बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को बोका जूनियर्स पर 2-1 की शानदार जीत के साथ क्लब विश्व कप में अपने यूरोपीय गौरव को फिर से जगाया, एक तनावपूर्ण और कड़े संघर्ष के बाद अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। बोका समर्थकों से भरी एक उत्साही भीड़ के सामने - जिन्होंने हार्ड रॉक स्टेडियम को एक मिनी बॉम्बोनेरा में बदल दिया - अर्जेंटीना की टीम ने जी-जान से लड़ाई लड़ी। लेकिन खेल के अंत में बायर्न का दृढ़ संकल्प प्रबल हुआ।

हैरी केन ने पहले हाफ की शुरुआत में जर्मन चैंपियन के लिए गोल किया, लेकिन बोका ने मिगुएल मेरेंटिएल के माध्यम से वापसी की। खेल अधर में लटकने के साथ, माइकल ओलिस ने देर से विजयी गोल करके बायर्न को छह अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंचा दिया, जो बेनफिका से दो अंक आगे है। बोका, केवल एक अंक के साथ, दौड़ में बना हुआ है और अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑकलैंड सिटी का सामना करेगा, जबकि बायर्न का सामना बेनफिका से होगा। यह जीत यूरोपीय क्लबों के लिए समय पर मिली बढ़त थी, जो हाल ही में टूर्नामेंट में संघर्ष कर रहे थे, जिसमें पोर्टो, पीएसजी और चेल्सी सभी हार का सामना कर रहे थे। मैच में बहुत जोश देखने को



मिला, खासकर दूसरे हाफ में, जब बोका ने बहुत दबाव बनाया और बायर्न की लय को शारीरिक, तेज गति वाले फुटबॉल से बाधित किया। बायर्न ने अच्छी शुरुआत की और सोचा कि वे आगे निकल गए हैं, जब ओलिस के कर्लिंग कॉर्नर ने नेट पाया, लेकिन गोलकीपर पर फाउल के कारण वीएआर ने गोल को खारिज कर दिया। सफलता 18वें मिनट में मिली, जब एक डिफ्लेक्टेड क्लीयरेंस केन के पास आया, जिन्होंने कोनराड लैमर के क्रॉस के बाद शांतचित्त होकर निचले कोने में गोल किया - ऑकलैंड सिटी के खिलाफ 10-0 की जीत में स्कोरलैस रहने के बाद टूर्नामेंट का उनका पहला गोल। बायर्न ने जल्द ही अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया, क्योंकि सर्ज गनब्री ने गेंद को गोल के सामने भेजा, लेकिन किंग्सले कोमन ने इसे टैप करने का सुनहरा मौका गंवा दिया।

दूसरी तरफ, मैनुअल नेउर ने केविन जेनन को रोकने के लिए दो बेहतरीन बचाव किए, जबकि बोका ने लगातार खतरा पैदा किया। ब्रेक के बाद, बोका ने अपने प्रयासों को तेज कर दिया, अपने अथक दबाव और जोशीले टैकलिंग से बायर्न को परेशान कर दिया। दबाव 66वें मिनट में काम आया जब मेरेंटियल को दाईं ओर से खेला गया, जोसिप स्टैनिसिक को पीछे छोड़ दिया.

# कार्यपालक निदेशक ने नर्सरी का किया उद्घाटन

## नवांकुर संस्थाओं एवं छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम

**पन्ना।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद पन्ना एवं नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फुलवारी के तत्वाधान में किसानों को नर्सरी के क्षेत्र में प्रस्फुटन समिति के माध्यम से ग्राम गुखौर में अध्यक्ष प्रस्फुटन समिति दिनेश कुमार कुशवाहा का चयन कर नर्सरी का चयन किया गया। यहां लगभग 2500 पौधों के बीज द्वारा नर्सरी तैयार की गई है, जिसमें नर्सरी तैयार करने के लिए अमरूद, सीताफल, अश्वगंधा के बीज नवांकुर संस्था फुलवारी द्वारा उपलब्ध कराकर नर्सरी तैयार कराई गई।




मध्य प्रदेश जन अभियान के कार्यपालक निदेशक भोपाल द्वारा गत दिवस पन्ना प्रवास के दौरान नर्सरी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात कार्यकम में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक दिनेश उमरैया एवं जिला समन्वयक अनीता जाटव द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सरपंच मोजीलाल चौधरी, दादूराम कुशवाहा, एम.एल. विश्वकर्मा, शिवेन्द्र नामदेव, राजेश वर्मा, लोकेन्द्र बागरी, शैलेष अग्रवाल, रवि विश्वकर्मा, अजय वर्मा, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक द्वारा पीएमश्री छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में आम एवं अमरूद के पौधों का रोपण भी किया गया।

संवाद कार्यक्रम की अगली कड़ी में निदेशक द्वारा नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाताओं के साथ उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं के बारे में संवाद कर उनके निराकरण की बात कही गई। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वर ताम्रकार, विकासखंड समन्वयक पवई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनअभियान परिषद पन्ना के समस्त विकासखंड समन्वयक, कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में जगदीश सिंह विकासखंड समन्वयक गुनौर द्वारा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम समापन उपरांत सर्किट हाउस पन्ना में कार्यपालक निदेशक द्वारा समस्त विकासखंड समन्वयक एवं कार्यालयीन स्टॉफ के साथ संक्षिप्त बैठक की गई, जिसमें आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

# विनीत नगाइच ने संभाला नगर परिषद पवई मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कार्य भार

**पन्ना।** सहायक ग्रेड एक पर पदस्थ विनीत नगाइच को मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर परिषद पवई का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाया गया है तथा पवई में पदस्थ रही मुख्य नगर पालिका अधिकारी तबस्सुम खान को सागर नगर निगम स्थानांतरित कर दिया गया है ज्ञात हो की श्री नगाइच पूर्व में भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवई के पद पर रहे हैं तथा उन्होंने बेहतर ढंग से नगर परिषद का संचालन किया है ज्ञात हो कि वर्तमान समय में पदस्थ रही सुश्री तबस्सुम खान द्वारा मन माने ढंग से परिषद का कार्य किया जा रहा था जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई थी और कोई भी कार्य नहीं हो रहे थे अब लगता है परिषद का कार्य बेहतर ढंग से चलेगा।। तथा आम जनता के कार्य होंगे।

# सरपंच के प्रयास से चोरों से मुक्त हुई एक दर्जन भैंसों के मालिक

**पन्ना।** जिले के बृजपुर थाना अंतर्गत पहाड़ीखेरा पुलिस चौकी से लगे हुए सतना जिले की सीमा चहला नाला के किनारे जंगल में कुछ पशु चोरों के द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर लगभग दर्जन भर भैंसों को बांधकर रखा गया था शायद यह लोग इन भैंसों को रात में किसी वाहन में लोड कर ले जाने वाले थे लेकिन पानी बरसने से अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके।

कुछ ग्रामीण अपनी भैंसें तलाशते हुए जंगल में पहुंचे तो यहां कई भैसों को बंधा देख कर ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी को सूचित किया जो अपना जन्मदिन कार्यक्रम छोड़कर साथियों सहित जंगल की ओर रवाना हुए जहां भैंसों की निगरानी कर रहे 2 लोग भाग खड़े हुए, राम शिरोमणि लोधी के द्वारा पहाड़ीखेरा चौकी प्रभारी एएसआई कमल सिंह को सूचित किया गया जो कुछ ही देर में दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए।




यह खबर फैलते ही मौके पर सैकड़ों लोग पहुंच गए यह स्थान पन्ना और सतना जिले की सीमा पर बताया गया है जहां पन्ना और सतना जिले के कई ग्रामों के लोग पहुंचे भैंसों की पहचान सतना जिले के मझगवां निवासी जगदीश खैरवार के द्वारा की गई कुल 11 भैसों को पशु चोरों से छुड़ाया गया है। बताया गया है कि पन्ना और सतना जिले की सीमा होने की वजह से चहला नाला में काफी समय तक डकैतों की गतिविधियां चलती रही हैं। कुछ समय से पशु चोर सतना जिले की भैंसें चोरी कर पन्ना जिले की सीमा से वाहनों में लोड करते हैं और पन्ना जिले की भैंसें चोरी कर सतना जिले की सीमा से वाहनों में लोड करते हैं इस प्रकार पशु चोर पुलिस और ग्रामीणों को चकमा देकर पशु चोरी में कामयाब हो जाते हैं लेकिन इस बार कामयाब नहीं हो सके।

# दलदल में तब्दील कस्बा सलेहा की सड़क, लोगों को चलना मुश्किल




**पन्ना।** गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा सलेहा की सड़कों का हाल बेहाल है यहां पर चलना मुश्किल है लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है उक्त क्षेत्र में अनेक विद्यालय भी पड़ते हैं जिसमें विद्यार्थियों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है स्थानीय लोगों ने अनेकों बार सरपंच तथा सचिव से भी उक्त संबंध में मौखिक एवं लिखित रूप से अनुरोध किया है लेकिन उक्त सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है क्षेत्रीय विधायक द्वारा लगातार क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है लेकिन क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कर पा रहे है सलेहा गुनौर जनपद पंचायत क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत है जिसको शासन द्वारा मूलभूत सुविधाओं के लिए बड़ी राशि मिलती है साथ ही स्थानीय स्त्रोत जैसे ग्राम पंचायत की दुकानों है आदि से भी राशि प्राप्त होती है लेकिन जिस प्रकार से सड़क बिजली पानी की दुर्दशा है इससे आम लोग भारी परेशान हैं स्थानीय लोगों ने सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग जिला कलेक्टर से की है।

# आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर नोटिस जारी

**पन्ना।** लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर तीन ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रैकरा, पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गौरा एवं अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोहाना के सचिव शामिल हैं। जिला योजना अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गांरटी अल्का रजनी दास द्वारा अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लघंन पर धारा 6 के तहत स्वप्रेरणा के आधार पर संज्ञान लेकर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है।

# घर में घुस कर से चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

## चोरी किया गया चार लाख का सामान किया बरामद

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री सांई कृष्ण एस थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में घटित हुई चोरी की वारदातों के खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना गुनौर के एक प्रकरण में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर चोरी किया गया मसरूका जप्त किया गया है ।

मामले में फरियादी धर्मेंद्र अग्रवाल निवासी गुनौर के द्वारा थाना गुनौर में उपस्थित होकर रिपोर्ट की गई कि दिनांक 09 फरवरी 2025 दिन कोई अज्ञात




व्यक्ति मेरे घर में घुसकर घर में रखी अलमारी खोलकर सोने के जेवरात एवं गुल्लक में रखे दस हजार रुपए चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गुनौर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 38/25 धारा 331(3),305 बीएनएस पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

मामले में थाना प्रभारी गुन्नौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार द्वारा तत्काल घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण के अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी के प्रयास किये गये एवं घटना स्थल के आसपास रहने वाले लोगो से घटना के संबंध जानकारी ली गई । साथ ही घटना के संबंध में जानकारी हेतु पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी गुनौर को सूचना दी गई कि फरियादी का किरायेदार अक्सर घर के अंदर आता जाता रहता था । मुखबिर सूचना के आधार पर गुनौर पुलिस के द्वारा जब किरायेदार से सख्ती से पूँछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किये गये सोने चाँदी के जेवरात कुल वजन करीबन 42 ग्राम कुल कीमती करीबन 04 लाख रुपए के बरामद किये जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । मामले में आरोपी में किंचित लखेरा पिता राजू लखेरा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम मुड़वारी थाना पवई हॉल निवासी कस्बा गुनौर। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, सहायक उपनिरीक्षक अशोक गौतम, प्र.आर.सुरेश चंद्र पांडे , आरक्षक दीपक अहिरवार, देवराज पटेल एवं आरक्षक चालक बृजेश घोसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृतकिये जाने की घोषणा की गई है ।

# अखिल भारतीय कोली समाज संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** अखिल भारतीय कोली समाज के तत्वाधान में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीएम पन्ना को ज्ञापन सोपा गया है- ज्ञापन के माध्यम से अखिल भारतीय कोरी समाज संगठन इकाई पन्ना के नेतृत्व में कबीरपंथी समाज के लोगों ने मांग कि गयी कि पन्ना जिले के पवई तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पड़रिया कला में लगभग 250 वर्षों से सदगुरु कबीर आश्रम बना हुआ है, जहां आश्रम परिसर में हो रही अवैध अनैतिक गतिविधियों एवं अतिक्रमण को



हटाए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री से की गई है ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पन्ना जिले के विभिन्न तहसीलों में लगभग 65 हजार कबीरपंथी समाज की जनसंख्या है जो इन कबीरपंथी अनुयायियों का आस्था का केंद्र बिंदु है। यह स्थान पन्ना जिले का सबसे बड़ा प्राचीनतम स्थान है जहां साल भर पन्ना जिले के अलावा कटनी दमोह छतरपुर सतना एवं विभिन्न जिलों से श्रद्धालु यहां आकर के पूजा पाठ शादी विवाह भंडारे चौका आरती आदि विभिन्न कार्यक्रम करते आ रहे हैं।

मंदिर प्रसिद्ध क्षेत्र में कुछ आसमाजिक तत्व झोपड़ी बनाकर अनैतिक कार्य कर रहे हैं जिसके कारण मंदिर आने जाने वाले सभी श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से मंदिर परिसर की उक्त भूमि को शासकीय अभिलेखों में दर्ज किया जाए एवं ऐसे सामाजिक तत्वों को मंदिर परिसर से हटाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय कोरी समाज संगठन के जिला अध्यक्ष डालचंद कोरी,युवा जिला अध्यक्ष पूरनलाल कोरी, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद वर्मा, महिला जिला अध्यक्ष राजा बेटी जिला उपाध्यक्ष विश्राम कोरी, सचिव कमलेश जिला कार्यकारिणी सदस्य आशीष अनुरागी, जितेंद्र राजू रवि शाक्य, पुष्पेंद्र कोरी, जीतेन्द्र सिंह समाजसेवी आदि।

# जिले में 53.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले में 1 जून 2025 से अब तक 53.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस अवधि में सर्वाधिक 117.8 मिमी वर्षा अजयगढ़ में और सबसे कम वर्षा 8.5 मिमी सिमरिया में दर्ज की गई है, जबकि पन्ना मे 51.6 मिमी, देवेन्द्रनगर में 64.8 मिमी, गुनौर में 63.9 मिमी, अमानगंज में 36.8 मिमी, पवई में 28 मिमी, शाहनगर में 54.8 मिमी और रैपुरा में 57.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है।

# देवेंद्र नगर कस्बा में दो अलग-अलग घटनाओं में पांच लाख की चोरी

**पन्ना।** देवेंद्र नगर थाना मुख्यालय में दिनदहाड़े एक ही दिन में दो अलग-अलग घटनाओं में 5 लाख की चोरी लूट करने के मामले सामने आए हैं जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई जानकारी के अनुसार कन्या पाठशाला देवेंद्र नगर के सामने अनुराग जायसवाल की अनाज की दुकान है अनुराग जायसवाल कुछ काम से वहीं पास में गए हुए थे इस दौरान तीन लोग दुकान में घुसे तथा पैसों से भरी पेटी उठाकर ले गए आस पड़ोस के व्यापारियों द्वारा रोकने का प्रयास किया लेकिन बदमाश भाग गए बताया जाता है कि उक्त बदमाश मोटरसाइकिल से आए थे वहीं दूसरी घटना सलेहा रोड की है एक किसान बैंक से चार लाख रुपए की राशि निकालकर डिग्गी में रखकर सब्जी खरीदने लगा इस दौरान बदमाशों द्वारा डिग्गी का ताला तोड़कर पेसो से भरा बेग चुरा कर ले गए किसान विनोद पटेल निवासी सिमरी बैंक से चार लाख रूपए निकाल कर लाया था तथा पैसा मोटरसाइकिल डिग्गी में रखकर सब्जी खरीदने लगा इस दौरान बदमाशों द्वारा डिग्गी तोड़कर पैसों से भरा बैग निकाल कर रफू चक्कर हो गए दोनों मामलों की शिकायत पुलिस थाना देवेंद्र नगर में की गई है पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# गुनौर विधायक ने दी सौगात, विकास कार्यों का किया लोकार्पण




**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने शुक्रवार को क्षेत्रवासियों को विभिन्न सौगातें प्रदान की। विधायक डॉ. वर्मा ने ग्राम पंचायत हिनौती अमानगंज में सीसी रोड के लोकार्पण के साथ पंचायत भवन के नवनिर्मित अतिरिक्त कार्यों का भी फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच ममता चौधरी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। स्थानीयजनों द्वारा भी बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण होने पर विधायक का आभार जताया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत भवन डिजिटल एवं सर्वसुविधायुक्त होने से अब सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवीन तकनीक के उपयोग से जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय किसानों को मंडी से फसल विक्रय के माध्यम से उचित मूल्य की व्यवस्था सुनिश्चित की गई और प्रत्येक गरीब व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से विभिन्न योजनाओं का हितलाभ पहुंचाया जा रहा है। विधायक ने खेल मैदान विकसित करने तथा अन्य विकास कार्यों को पूर्ण करने का भरोसा भी दिया।

# संकल्प से सिद्धि अभियान मे जन चौपाल का आयोजन, पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह हुए शामिल

**पन्ना।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धी तक अभियान के अंतर्गत पन्ना नगर मंडल की ओर से पुराना पावर हाउस चौराहा में जन चौपाल का आयोजन हुआ। इस जन चौपाल मे जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को लेकर विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जनता के बीच पहुंचे तथा संगठन की ओर से जिला मंत्री कमल लालवानी एवं मंडल अध्यक्ष एवं अन्न प्राधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।





जन चौपाल मे विधायक श्री सिंह ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल पर किये गये जनहितकारी कार्यों का व्यौरा जनता के समक्ष रखा तथा सेवा सुशासन एवं संकल्प के प्रति समर्पित सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विधायक ने सरकार की महत्वपूर्ण मर्मस्पर्शी योजनाओं के बारे मे बताते हुये आम जन के जीवन मे होते महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर विचार साझा किए। श्री सिंह ने आयुष्मान योजना, आवास योजना, किसान सम्मान योजना, गरीब कल्याण योजना, उज्जवला योजना जैसी उपलब्धियों के बारे मे बोलते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं ने सीधे जनता के जीवन में बदलाव किया है उनको लाभ पहुंचाया है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने गरीबों के हितों की रक्षा का बीड़ा उठाया है और उनका जीवन स्तर सुधारने का काम किया है। चौपाल में ही विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित लाभर्थियों को विधायक द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं लाडली लक्ष्मी प्रमाण पत्र दिये गये तथा सैकड़ों हितग्राहियों का पंजीकरण विभिन्न लाभपरक योजनाओं में करवाया गया। चौपाल मे मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे,विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडे कमल लालवानी पूनम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संतोष यादव,श्री उषा सोनी, रवि पांडे सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बीएलओ प्रशिक्षण के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार आगामी जुलाई माह में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने पन्ना, पवई एवं गुनौर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। 21 जून को प्रशासन अकादमी भोपाल में राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय नामांकित मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण उपरांत सोमवार, 23 जून को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राज्य स्तर पर प्रशिक्षित ट्रेनर्स के साथ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व अन्य छूटे हुए मास्टर टेऊनर्स को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सोमवार को प्रस्तावित विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण का संपूर्ण उत्तरदायित्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का होगा। इसके लिए सभी ईआरओ को एईआरओ एवं अन्य विधानसभा स्तरीय मास्टर टेऊनर्स की प्रशिक्षण में उपस्थिति के लिए स्थान व समय निर्धारित कर सूचित करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा गत दिवस नई दिल्ली में प्रत्येक विधानसभा से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले एक-एक बीएलओ को भी प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी उक्त प्रशिक्षण का निरीक्षण किया जाएगा।

आगामी 3 जुलाई से नियमित रूप से विधानसभा स्तर पर बीएलओ प्रशिक्षण आयोजित कराने के लिए विधानसभा स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक सहयोग के लिए शैक्षणिक संवर्ग के लोकसेवकों की ड्यूटी भी लगाई गई है, जिसके तहत पन्ना विधानसभा के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षक भानुप्रकाश खरे, पवई विधानसभा के लिए हाईस्कूल प्राचार्य संतोष कुमार गौतम एवं गुनौर विधानसभा के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षक सौमित्र मिश्रा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर    सीधी, रविवार 22 जून 2025    8

**उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि श्री देवेन्द्र पाण्डेय बेधड़क के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया। उप मुख्यमंत्री ने श्री बेधड़क के गृह ग्राम कठेरी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया।**



## योग शरीर को निरोगी रखने में सहायक है, इसे दिनचर्या में शामिल करें : उप मुख्यमंत्री

### विश्व योग दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आमजनों के साथ किया योगाभ्यास



**रीवा।** जिले में 11वां विश्व योग दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। मार्तण्ड स्कूल ग्राउण्ड एक के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 11वें विश्व योग दिवस पर वसुधैव कुंटुम्बकम के लिये वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने सामूहिक योगाभ्यास किया। उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों व उपस्थित जनों को योग को अपने दैनिक दिनचर्चा में शामिल करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि योग शरीर को निरोगी रखने में सहायक है। योग को दिनचर्या में शामिल करने से हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी परिवार, समाज एवं सार्वजनिक जीवन में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी सक्षमता से निर्वहन कर पाएंगे। हमें गर्व है कि हमारी प्राचीन योग परंपरा को विश्व स्तर पर मान्यता मिली है। महर्षि पतंजलि ने देश व समाज को योग से अवगत कराया। वर्तमान समय में बाबा रामदेव ने इस विधा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विश्वव्यापी बनाने का कार्य किया और संपूर्ण विश्व में योग दिवस पर लोग योग करके इसे अंगीकार कर रहे हैं।

भारत पूरी दुनिया को परिवार मानता है। श्री शुक्ल ने योग दिवस पर सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। सामूहिक योगाभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विशाखापट्नम से लाइव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन सुना गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन भी लाइव प्रसारित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शारदा मिश्रा, एसडीएम अनुराग तिवारी, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह, सहित अधिकारी, शिक्षक, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पुलिस के अधिकारी योग में शामिल हुए।

## जिले में अब तक 59.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में मानसून ने दस्तक दे दी है। पिछले तीन दिनों से जिले के कई स्थानों में वर्षा हो रही है। पिछले 24 घंटे में रूक-रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। जिले में 21 जून को 16.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन जिले में सर्वाधिक 27 मिलीमीटर वर्षा सेमरिया तथा 25 मिलीमीटर वर्षा सिरमौर तहसील में दर्ज की गयी। इस दिन तहसील हुजूर में 6.2 मिमी, रायपुर कर्चुलियान में 19 मिमी, त्योंथर में 19 मिमी, मनगवां में 10 मिमी तथा जवा में 22 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 59.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 76.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 32.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 55 मिलीमीटर, सिरमौर में 101.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 24 मिलीमीटर, सेमरिया में 83 मिलीमीटर, मनगवां में 37 मिलीमीटर तथा जवा में 66 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 7.28 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

## विश्वविद्यालय में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगभ्यास



**रीवा।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन विश्वविद्यालय स्टेडियम में योग एवं चेतना केंद्र द्वारा आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री हरि नारायण जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया जी ने किया । अपने उद्बोधन में कुलगुरु महोदय ने कहा कि श्वास का संबंध सीधे मन के साथ है। अतः श्वास की साधना करते हुए हम मन को भी साध सकते हैं । उन्होंने बताया कि योग विभिन्न परंपराओं में विभाजित है -कर्म योग ,भक्ति योग, ज्ञान योग, हठयोग जिनके माध्यम से हम शरीर की साधना तो करते ही हैं,प्रकृति के साथ संबंध भी स्थापित करके ईश्वरीय तत्वों के साथ में विलीन होने की क्षमता प्राप्त कर लेते हैं। कुलसचिव महोदय प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार जी के द्वारा योग दिवस 21 जून का संबंध पर्यावरण एवं खगोल शास्त्र के साथ समझाया गया । प्रभारी आचार्य प्रो. रामभूषण मिश्रा जी ने योग को जीवन में उतरने की बात कही। हरित योग थीम में अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण कर प्रकृति की सुरक्षा का संदेश दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग संगम कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्य गण, अतिथि विद्वान गण , अधिकारी गण, कर्मचारी गण एवं विद्यार्थियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। अंत मां विश्व कल्याण की कामना के साथ शांति पाठ का उच्चारण किया गया एवं एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की संकल्पना का सार्थक संदेश देते हुए मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका में श्री राजेश कुमार सिंह एवं डॉ अल्पी सिंह, योग एवं चेतना केंद्र रहे।

## मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 जून को

**रीवा।** बीएलओ के क्षमता विकास हेतु शेष रह गए राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 जून को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए तहसीलदारों, प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, प्राचार्य एवं व्याख्याताओं को नामांकित करते हुए नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## जिला न्यायालय एवं बाल संप्रेक्षण गृह में किया गया योग



**रीवा।** विश्व योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार, अन्य न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने भी योग किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि योग करने से हमारा तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। निरंतर योग करने से हमारे मन में शुद्ध विचार उत्पन्न होते हैं। योगाचार्य डॉ केपी शर्मा एवं योगाचार्य अरविंद पाण्डेय द्वारा योग की क्रियाएं कराई गईं। बाल संप्रेक्षण गृह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र की उपस्थिति में बालकों को योग कराया गया। इस दौरान निश्चल कुमार सिंह, न्यायालय के कर्मचारी व विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्यशाला का आयोजन संपन्न




**रीवा।** मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत किशोर न्याय बालकों का देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बेटी बचाओ बेटी पढाओ अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समीर कुमार मिश्रा सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिका के साथ घट रही यौन अपराधों पर चिंता करते हुए पॉक्सो अधिनियम के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाक्सो अधिनियम ऐसे अपराधियों के लिए है जो 18 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं के साथ अपराध करते हैं उनके लिए कठोर प्रावधान किए गए हैं। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने महिलाओं के संबंध में अपराधिक विधियों के बारे में जानकारी दी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट अनीष पाण्डेय ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम के तहत विशेष कानूनी सुविधा प्रदान की गई। श्रम अधिकारी प्रिया अग्रवाल द्वारा बताया गया कि समाज में बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए एवं उनको स्वयं के पैरों पर खड़ा होने के लिए जागरूक करें। कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने हेतु लोगों को जागरूक करना चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह द्वारा बताया गया कि किशोर न्याय बालकों का देखरेख संरक्षण अधिनियम के तहत विकासखण्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के बारे में ग्राम पंचायत स्तर, जनपद स्तर के गठन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत देखरेख एवं संरक्षण के आवश्यकता की श्रेणी में आने वाले बच्चों को सुरक्षित एवं बाल मैत्री वातावरण प्रदान करने, बाल संरक्षण सेवाओं पर बेहतर पहुंच बनाए जाने के लिए प्रयास किया जाय। कार्यक्रम का संचालन आशीष द्विवेदी सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया अभार प्रदर्शन स्वाती श्रीवास्तव बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यशाला में महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं सिविल सोसायटी के विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वेंकट भवन में किया गया योगाभ्यास



**रीवा।** 11वें विश्व योग दिवस पर पुरातात्विक स्थल वेंकट भवन में योगाभ्यास किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अंतरष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन वेंकट भवन परिसर में किया गया। योग प्रशिक्षक उमा सोंधिया ने उपस्थित जनों को योग और सूर्य नमस्कार के महत्व के बारे में बताया तथा योगाभ्यास कराया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रभारी मुकेश कुमार मंडल द्वारा उपस्थित अतिथियों को योग दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर योग से संबधित प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। योगाभ्यास में सामाजिक संगठन, खिलाड़ियों एवं नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह, पुलिस विभाग के बी. के. त्रिपाठी, राज्य आनंद संस्थान से साबिर, समाजसेवी डॉ. मुकेश येंगल तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सायबर ठगों से सावधान रहें किसान, एडवायजरी जारी

**रीवा।** किसानों के कल्याण और कृषि विकास की हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम पर सायबर ठगों से सावधान करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी द्वारा एडवायजरी जारी की गई है। संचालक अभियांत्रिकी ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर स्वयं को विभागीय अधिकारी के रूप में अपना परिचय देकर सायबर ठगी करते हैं।

## सिरमौर और मनगवां विधायक ने किया योगाभ्यास



**रीवा।** विश्व योग दिवस पर सिरमौर में विधायक श्री दिव्यराज सिंह एवं लालगांव में मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे। विधायक द्वय ने विश्व योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग स्वस्थ शरीर और संतुलित मन का आधार है। योग एक ऐसा मार्ग जो जीवन में अनुशासन, शांति एवं ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने सभी से आध्यात्मिक उन्नयन, शारीरिक व मानसिक सशक्तिकरण के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

## रीवा में आज होगी भूतपूर्व सैनिकों की रैली

**रीवा।** भूतपूर्व सैनिकों की रैली 22 जून को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित की जा रही है। रैली के मुख्य अतिथि जनरल आफीसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत होंगे। श्री शेखावत परमविशिष्ट सेवा मेडल तथा अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित अधिकारी हैं। रैली का उद्देश्य सैनिकों के योगदान का सम्मान करना और उनकी कल्याण संबंधी आवश्यकताओं को बताना है।

इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि रैली में रीवा सहित आसपास के सभी जिलों के पूर्व सैनिक तथा सैन्य विधवाएं शामिल होंगी। रैली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सैनिक कल्याण के डॉक्टरों के दल द्वारा सेवानिवृत्त सैनिकों के निशुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था की गई है। इसमें सभी तरह के टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे। अन्य जिलों से आने वाले पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए बस स्टैण्ड तथा रेलवे स्टेशन में निशुल्क वाहन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में साफ-सफाई तथा पेयजल की व्यवस्था के लिए नगर निगम की टीम तैनात रहेगी। पूर्व सैनिक अपने पहचान पत्र के साथ रैली में शामिल होकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। रैली में कल्याण सहायता पंजीकरण, सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता, पेंशन संबंधी सहायता और विशिष्ट सेवा को मान्यता देने के लिए औपचारिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियाँ शामिल की जायेगीं।

## केन्द्रीय जेल में हुआ योग शिविर का आयोजन

**रीवा।** विश्व योग दिव के अवसर पर केन्द्रीय जेल में भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन एवं दिव्य बुद्ध योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। जेल परिसर में जेल कर्मचारीगण तथा बंदियों ने योग की विभिन्न क्रियाएं की। उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले द्वारा योग, प्राणायाम के महत्व के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ लेने के तरीके एवं नियमित दिनचर्या के संबंध में जानकारी देकर बंदियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ अजय कुमार, ध्रुव कुमार मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, डॉ सरोज सोनी, अनीषमणि पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह सहित स्टाफ व बंदी उपस्थित रहे।

## रीवा बायपास का विस्तार होने के बाद आठ लेन की मिलेगी सड़क

### बायपास और रिंगरोड का निर्माण तय समय सीमा में पूरा कराएं : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस नवीन भवन के सभागार में आयोजित बैठक में रीवा बायपास के विस्तार कार्य तथा रिंगरोड निर्माण की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा बायपास का निर्माण पूरा होने के बाद फोरलेन की मुख्य सड़क के साथ दोनों ओर दो-दो लेन की सर्विस रोड की सुविधा मिलेगी। इस बायपास से आठ लेन की सड़क से आवागमन होगा। वर्तमान सड़क को चौड़ा करने के लिए तेजी से कार्य पूरा करें। बिजली, पोल तथा पेयजल की पाइपलाइन की शिफ्टिंग तत्काल कराएं। नवम्बर माह तक बीहर नदी में ब्रिज और नहर में ब्रिज का कार्य पूरा कराएं। रेलवे ओवर ब्रिज का भी काम तेजी से पूरा कराएं। सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें। आयुक्त नगर निगम पेयजल की पाइपलाइन की शिफ्टिंग तथा अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही करें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेला से सिलपरा रिंग रोड बहुत महत्वपूर्ण सड़क है। इसके अधिकांश भाग का कार्य पूरा हो गया है। शेष कार्यों को दिसम्बर माह तक पूरा कराएं। इसके अधूरे अण्डरपास तथा पुलों का निर्माण तेजी से पूरा करें। रीवा-सीधी हाइवे के शेष भाग को फोरलेन बनाने का कार्य तत्काल शुरू कराएं। बैठक में एनएचआई के प्रतिनिधि ने बताया कि रीवा से मोहनिया टनल तक फोरलेन निर्माण के लिए टेण्डर की प्रक्रिया जारी है। इसी तरह सोन नदी पर मेजर ब्रिज के साथ सर्रा से सीधी तक फोरलेन निर्माण के लिए 430 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसमें वन विभाग की अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833*